* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 345

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


बावेंडी, ब्रुस और एलेक्सी को केमिस्ट्री का नोबेल: इन्हें क्वांटम डॉट्स की खोज और इसके डेवलपमेंट के लिए ये सम्मान मिला है।




FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE



Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102


### सीएम ने मेदिनीनगर में राज्य के सातवें मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ

# कृषि एवं वन उपजों को बाजार उपलब्ध करायेंगे : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने पशुपालकों के लिए दूध पर तीन रुपये प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 21.90 करोड़ रुपये का सौंपा चेक

जयकांत/रामप्रकाश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि किसान आगे बढ़ेगा, तभी राज्य और देश भी आगे बढ़ेगा। इस संकल्प के साथ किसानों-पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को पलामू में राज्य का सातवां अत्याधुनिक डेयरी प्लांट के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह डेयरी यहां के किसानों-पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने में वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि कृषि और वन उपजों के दृष्टिकोण से झारखंड काफी समृद्ध है। ऐसे में यहां के वन उपजों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन का गठन किया गया है। इसके जरिये कृषि और वन उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जायेगा तथा इसका एमएसपी भी तय होगा।

## किसानों के लिए एमएसपी भी तय होगा



## किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इनकी आमदनी में इजाफा हो। ये बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। इसके लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। आप सरकार की योजनाओं से जुड़ कर इसका लाभ लें। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे, तो सरकार आपको चार कदम आगे बढ़ कर सहयोग करेगी।

## जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चुनौतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हो रहे हैं। कहीं बाढ़ आ रही है, तो कहीं सुखाड़ की स्थिति पैदा हो रही है। इस वजह से फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे आना होगा। इसके लिए सरकार की योजनाओं से आप जुड़ें।

## बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लें

हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की है। किसान इस योजना से जुडें और अपनी जमीन में विभिन्न प्रकार के फलदार पेड़ लगायें। इसके लिए सरकार आपको पेड़ लगाने के साथ पेड़ बचाने के लिए भी आर्थिक मदद कर रही है।

## पशुधन को दे रहे हैं बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में किसानों के लिए पशु काफी मायने रखते हैं। ऐसे में किसानों को पशुधन से समृद्ध करने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है। इसके तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों- पशुपालकों को पशु दिये जा रहे हैं। इतना ही नहीं, पशु शेड के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का मकसद किसानों को पशुपालन से जोड़ कर उनकी आय को बढ़ाना है।

## दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों-पशुपालकों को कहा कि सरकार डेयरी प्लांट खोल सकती है, लेकिन इसे चलाने का जिम्मा आपका है। आप जितना ज्यादा दूध इस प्लांट को उपलब्ध करायेंगे, उतना ही ज्यादा दुग्ध और दुग्ध उत्पाद यहां तैयार होंगे। इससे ना सिर्फ यह डेयरी प्लांट मजबूत होगा, बल्कि आपकी भी आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो यहां और भी डेयरी प्लांट स्थापित किये जायेंगे।

## दूध पर 3 रुपये प्रति लीटर दी जा रही प्रोत्साहन राशि

राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को दूध पर तीन रुपये प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी के तहत किसानों-पशुपालकों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 करोड़ 90 लाख रुपये का चेक सरकार के द्वारा मेधा डेयरी के एमडी को सौंपा। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। इस अत्याधुनिक डेयरी प्लांट से लगभग 25 हजार किसानों-पशुपालकों को सीधा फायदा होगा। इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव और बादल, विधायक रामचंद्र सिंह सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन

- मांडर के लिवंस हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस
- मसीही समुदाय समेत पूरे राज्य में शोक की लहर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पहले आदिवासी कार्डिनल और रांची महाधर्मप्रांत के बिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन हो गया। उन्होंने बुधवार को मांडर स्थित लिवंस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। कार्डिनल का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि कार्डिनल की हृदय गति कम होने लगी थी और लगभग शून्य तक पहुंच गयी थी। उन्हें अस्पताल के आइसीयू में जीवन रक्षक उपकरणों पर रखा गया था, लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और अंततः बुधवार को तीसरे पहर करीब पौने चार बजे उनका निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। कार्डिनल के निधन से मसीही समुदाय समेत पूरे झारखंड राज्य में शोक की लहर दौड़ गयी है।

जानकारी के अनुसार, नामकुम के राजाउलातू स्थित संत अन्ना धर्मसमाज के अस्पताल और रिसर्च सेंटर के परिसर में बने वृद्धाश्रम में रह रहे कार्डिनल टोप्पो को सांस लेने में शिकायत के बाद मांडर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी और उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उनके फेफड़ों में पानी भर गयी था। बुधवार को सुबह उनकी स्थिति थोड़ी देर के लिए सुधरी थी, लेकिन अचानक वह दोबारा बिगड़ने लगी। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

> धर्मगुरु कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो जी के निधन का अत्यंत दुःखद समाचार मिला। कार्डिनल तेलेस्फोर जी लोगों की सेवा करते हुए उनके हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
> -हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

रांची के सहायक बिशप थियोडोर मैस्करेनहास ने बताया कि हमारे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो परम पिता के पास लौट गये हैं। उन्होंने कहा कि छोटानागपुर चर्च के विकास में कार्डिनल टोप्पो के अपार योगदान के लिए रांची आर्चडायसिस, धार्मिक और मंडली हमेशा उनका आभारी रहेगा। उन्होंने बिशप की देखभाल करने वाले अस्पताल के कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया है।

## न्यूज रील्स

### उज्ज्वला लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी

नयी दिल्ली। सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ा कर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर कर दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों पर एक ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी।

### लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू परिवार को जमानत

पटना। लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट से मामले में लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत मिल गयी है। अब 16 अक्टूबर को इस मामले में सुनवाई होगी। इस दिन से मामले में सुनवाई शुरू की जायेगी।

### न्यूजक्लिक फाउंडर और एचआर हेड रिमांड पर


नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। उन्हें बुधवार को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। न्यूजक्लिक पर विदेशी फंडिंग लेने का आरोप है।

### रणबीर कपूर को इडी का समन, 6 को बुलाया

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को इडी ने बुधवार को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के पांच हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रणबीर का नाम आया है। केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की शादी में वे शामिल हुए थे। आरोप है कि रणबीर समेत कई सेलेब्स को इसके लिए हवाला से पैसे दिये गये थे।

# गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति का मनभावन पंडाल श्रद्धालुओं की सुरक्षा का खास ख्याल

**राजधानी रांची के मोराबादी स्थित अंतू चौक मुख्य मार्ग पर 1977 से आकर्षक पूजा का आयोजन गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति करता आ रहा है। दुर्गा पूजा और पंडाल निर्माण की शुरूआत क्लब के संस्थापक सदस्यों, अध्यक्ष, पदाधिकारियों के साथ यजमान द्वारा भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष शहर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए इको फ्रेंडली पंडाल बना रहा है। जिसमें बेहद ही आकर्षक रूप से लाइटिंग और नैनाभीराम मां का दरबार होगा। पश्चिम बंगाल से आए कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है और पूजा पंडाल में लगने वाले आकर्षक लाइट इसमें चार चांद लगायेगा। इस पंडाल में मां दुर्गा के अलावा अन्य भगवान की प्रतिमा बेहद संजीदगी के साथ आए श्रद्धालुओं के बीच आकर्षक का केंद्र बिंदू रहेगा। क्लब के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सभी सदस्य पंडाल निर्माण से लेकर मां के विसर्जन शोभायात्रा तक अपने अथक प्रयास से शहर वासियों को आकर्षक और भव्य पूजा का आयोजन के लिए कृत संकल्पित हैं।**









### हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोराबादी में अंतू चौक के पास दुर्गा पूजा की तैयारी हो रही है

गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष शहर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को इको फ्रेंडली पंडाल प्रस्तुत करने जा रहा है। बता दें कि इस बार भी बेहद ही आकर्षक रूप से पूजा पंडाल की सजावट होगी जो मनोरम लाइटिंग से सुसज्जित होगा। मां के दरबार को नैनाभीराम बनाने की तैयारी चल रही है।

### पश्चिम बंगाल के कारीगर करेंगे पूजा पंडाल का निर्माण

पश्चिम बंगाल के कारीगर करेंगे पूजा पंडाल का निर्माण होना है और पूजा पंडाल में लगने वाली आकर्षक लाइट बेहद ही खास तरीके से लगाई जानी है। इस पंडाल मां दुर्गा और मां दुर्गा के दरवार में स्थापित प्रतिमाओं के अलावा अन्य भगवान की प्रतिमा बेहद ही खूबसूरत तरीके से सजाई जायेगी जो श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करेगी।

### क्लब के पदाधिकारियों की देख रेख में चल रहा कार्य

क्लब के अध्यक्ष पदाधिकारी सहित सभी सदस्य पंडाल निर्माण से लेकर मां के विसर्जन शोभायात्रा तक अपने अथक प्रयास से शहर वासियों को आकर्षक और भव्य पूजा का आयोजन के लिए कृत संकल्पित हैं।

### सुरक्षा का रहेगा खास प्रबंध, सजग सदस्य

पूजा पंडाल से लेकर उसके आसपास के क्षेत्रों में पूजा के दौरान आए श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के सुरक्षा की विशेष व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है। जिसमें सीसीटीवी कैमरा विशेष तौर पर रखा गया है। साथ ही सभी सदस्य हमेशा तत्पर रहेंगे।









## गीतांजलि क्लब में दिखेगा पेड़-पौधो की लतर से बना इको फ्रेंडली पूजा पंडाल





गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा पंडाल इस बार भव्य व दर्शनीय होगा। गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा का कुल बजट 21 लाख रुपये का है। इस बार दुर्गा पूजा पंडाल पूरी तरह से ईको फ्रेंडली बनाया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के पेड़, पौधे व सब्जियों के लत्तर से पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल के निर्माण में करेला, नेनुआ, कद्दू आदि के लत्तर का उपयोग किया जाएगा। वहीं इस बार जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के मोड़ से लेकर दिव्यायन चौक तक लाइट की बढ़िया व्यवस्था होगी। दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण से लेकर पूजा के आयोजन व व्यवस्था में देवांशु मेवाड़, सुरजीत सरकार, विनोद गोप, संजय सोनी, मुन्ना सिंह, राजेश गुप्ता, मिलन दास, प्रमोद गुप्ता, राजकिशोर प्रसाद, सुनील प्रसाद, मनोज खत्री, संजू शर्मा, राजू पांडेय, प्रभात पांडेय, दोलन पाल, विनोद प्रसाद, पंकज, किशोर, सुंदर, मेजर, मंटू, मोना, पिंटू आदि विशेष सहयोग में लगे हुए हैं।

**पूजा समिति अध्यक्ष का कहना है कि हम सभी सदस्य भूमि पूजन के साथ मां के आराधना के लिए बेहद ही तत्परता के साथ लग चुके हैं और हमारी ओर से कोशिश होगी कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी शहर वासियों को गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति एक बढ़ियां एहसास करायेगी।**

**गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति, अध्यक्ष -मनोज कुमार गुप्ता**



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,800 रु./10 ग्राम
चांदी 71,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बिहार में जातीय जनगणना : भाजपा के लिए परीक्षा, तो आइएनडीआइए के लिए अवसर और चुनौती दोनों

## ■ क्या अब रोहिणी अस्त्र का इस्तेमाल करेगी भाजपा

## ■ कैसे जेपी के अनुयायी लालू-नीतीश ने संपूर्ण क्रांति के दीये में पानी डाल दिया

**आजाद सिपाही विशेष**

**जब से बिहार में जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट आयी है, राज्य ही नहीं पूरे देश की सियासत में भूचाल सा आ गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने तरीके से विश्लेषण कर रहा है। जाति के आंकड़ों के फायदे गिनाये जा रहे हैं। कोई इसमें जल्दबाजी, तो कोई सियासी गणित बता रहा है। लोगों को एक बार फिर मंडल कमीशन का दौर याद आने लगा है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या बिहार के जातिगत सर्वेक्षण से 2024 लोकसभा चुनाव पर भी असर पड़ेगा। वैसे, बिहार के जातिगत सर्वेक्षण से यह पता नहीं चलता है कि 2024 का नतीजा क्या होगा और राजनीतिक गठबंधन कैसे बनेंगे और बदलेंगे। बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन के लिए भी यह भाजपा के सामाजिक गठजोड़ को हिलाने और उसे तोड़ने का अवसर है। उत्तर और मध्य भारत में हाशिये पर पड़े लोगों को एकजुट कर भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले एक दशक में जबरदस्त सामाजिक समीकरण तैयार किया है। भाजपा के लिए यह एक परीक्षा की घड़ी है, शायद उसके शासनकाल की सबसे बड़ी परीक्षा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा सामाजिक अंतर्विरोधों का मैनेजमेंट करने में सफल रहती है या नहीं। वैसे, भाजपा विविधता को तवज्जो देते हुए हिंदुओं की एकता के सहारे राजनीति करती आयी है। समावेशी हिंदुत्व उसके सियासी प्रोजेक्ट का बड़ा मिशन है। क्या होगा भाजपा का अगला कदम, क्या भाजपा रोहिणी ब्रह्मास्त्र का सहारा लेगी, कैसे जेपी के अनुयायियों ने बिहार में जातीय गणना करा कर उनकी संपूर्ण क्रांति को नुकसान पहुंचाया है बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह


संपूर्ण क्रांति का सपना देखने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने 1974 में छात्र आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कहा था कि संपूर्ण क्रांति में सात क्रांतियां समाहित हैं- राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक। इन सातों क्रांतियों से ही संपूर्ण क्रांति होगी। बलिया के गांव सिताब दियारा में जेपी के आह्वान पर लगभग 10 हजार लोगों ने जनेऊ तोड़ कर यह संकल्प लिया था कि वे जाति प्रथा को अब नहीं मानेंगे। जेपी के इसी आह्वान से प्रेरित होकर कई नेताओं ने जातिसूचक सरनेम तब हटा दिये थे। उनमें लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, शिवानंद तिवारी जैसे नेता आज भी हैं। पर जेपी के इन अनुयायियों ने जाति की बिहार में गणना करा कर बिहार में सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। भाजपा चुप है, तो गैर-भाजपा दल फूल कर कुप्पा हुए जा रहे हैं कि बहुत बड़ी कामयाबी उन्होंने हासिल कर ली है। सोशल मीडिया पर छोटे-बड़े तमाम लोग इसे लेकर दो खेमों में बंट गये हैं। कोई इतरा रहा है, तो कुछ अपनी जाति की कम संख्या पर छितरा रहे हैं।

### राजनीतिक पार्टियों के लिए अवसर और चुनौती

वैसे तो दोनों पक्षों के लिए जातिगत गणना के आंकड़ों ने अवसर और चुनौतियां पैदा की हैं। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष जातिगत जनगणना की मांग कैसे उठाता है। कुछ हफ्ते पहले ही ओबीसी आरक्षण को सब-कैटेगरी में बांटने से संबंधित रोहिणी आयोग की रिपोर्ट आयी है। भाजपा सरकार को इस पर फैसला लेना है। यह विभिन्न सामाजिक समूहों के लिए राजनीतिक संदेश, जमीनी पहुंच, भाजपा और आइएनडीआइए गठबंधन दोनों पर निर्भर करेगा कि वे इस कैलकुलस को केमिस्ट्री में कैसे बदलते हैं। जब तक ऐसा नहीं होता है, तब तक यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह एक नया मंडल मोमेंट है और उसका उसी तरह का नाटकीय और बड़ा असर होगा, जैसा बीपी मंडल आयोग की सिफारिशों के लागू होने का भारतीय राजनीति पर हुआ था। वैसे भी यह साल 2023 है, 1989-90 का दौर नहीं। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बिहार जातिगत सर्वेक्षण के नतीजों का सार्वजनिक होना राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके महत्व को समझने के लिए जरूरी है यह जानना कि भारत यहां तक कैसे पहुंचा, दोनों राष्ट्रीय दलों का राजनीतिक कैलकुलस क्या कहता है और बिहार के क्षेत्रीय दलों की उम्मीदें क्या हैं।

### कांग्रेस और उसके समीकरण

देश में सियासी और सामाजिक गठबंधन लगातार बदलते रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से देखें, तो पहले कांग्रेस उत्तर भारत में उच्च जातियों, मुस्लिम और दलितों के गठजोड़ पर निर्भर रहती थी। भारतीय जनसंघ और बाद में बनी भाजपा ने कांग्रेस से उच्च जाति के वोट तोड़ने की कोशिश की, लेकिन पहले पांच दशकों में भारतीय संसदीय राजनीति में इसका प्रभाव या कहें उत्थान सीमित था, क्योंकि वह अपने एक दायरे से बाहर नहीं निकली। उधर, पिछड़ा वर्ग पहले आर्थिक रूप से, फिर राजनीतिक रूप से चर्चा के केंद्र में आया। ऐसे में सियासी लिहाज से एक बड़ी खाई दिखी, जिसे भरने की जरूरत थी। इसे 'सामाजिक न्याय' की बातें करनेवाली पार्टियों- चाहे वीपी सिंह का जनता दल हो या बिहार-यूपी में जनता दल के विभिन्न रूप, ने भरने की कोशिश की। एक बार जब ओबीसी भारतीय




राजनीति में एकजुट हुए और अपनी राजनीतिक मुखरता को उन मुसलमानों के साथ जोड़ लिया, जिन्हें सुरक्षा और प्रतिनिधित्व की जरूरत थी, तो 1990 के दशक के आखिर और नयी सदी के पहले दशक के दौरान नये सियासी समीकरण गढ़े गये। इस अवधि में कांग्रेस ने फैसला किया कि उसका भविष्य उच्च जाति-मुस्लिम-दलित गठबंधन पर वापस जाने में है, या फिर वह यूपी और बिहार जैसे राज्यों में सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद करने वाली उन पार्टियों के साथ अस्थायी गठबंधन करे, जिन्होंने उसकी सियासी जमीन खींच ली। उसी समय अगड़ी जातियां भाजपा के साथ जाने लगीं और मुसलमान क्षेत्रीय दलों के सपोर्ट में खड़े हो गये और दलितों ने नये दलित समीकरणों को चुना। कांग्रेस के लिए कोई समीकरण प्रभावी नहीं रहा। इससे पता चलता है कि कांग्रेस यूपी और बिहार में करीब चार दशकों से सत्ता में क्यों नहीं लौटी।

### दलितों को साधना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस ऐतिहासिक रूप से भारत में उच्च जातियों की पार्टी रही है। यहां तक कि जब उसने सामाजिक सुधार को गले लगाया या दूसरे समूहों के लिए प्रतिनिधित्व बढ़ाया, तो भी बिहार और यूपी की उच्च जातियों को अलग नहीं किया। हालांकि राहुल गांधी ने एक निर्णायक बदलाव किया है। ऐसा लग रहा है कि उन्होंने गणना की है कि उच्च जातियां भाजपा के साथ रहेंगी। उनका मानना है कि कांग्रेस को ब्राह्मणों के दबदबे वाली पार्टी की इमेज से निकल कर ओबीसी समेत दूसरे सामाजिक समूहों की तरफ बढ़ना होगा। इन हिंदू जातियों से पार्टी दूर ही रही है। मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी अध्यक्ष और संभावित पीएम चेहरे के रूप में आगे बढ़ा कर कांग्रेस की सोच है कि वह अपने पुराने दलित वोट को वापस पा सकती है। अब जातिगत सर्वेक्षण का समर्थन करने के साथ बताया जा रहा है कि उसके कई मुख्यमंत्री ओबीसी हैं। ऐसा कर कांग्रेस एक ऐसे समूह को संदेश दे रही है, जिसे उसने कभी ठीक तरह से नहीं लुभाया। क्या यह सच मायने में पिछड़े वर्गों और दलितों में अपना बेस बढ़ा पायेगी और क्या प्रमुख जातियों के समर्थन के बगैर यह काफी होगा, यह भविष्य बतायेगा।

### नीतीश और उनका अति पिछड़ा कार्ड

नीतीश कुमार की जदयू ने अति-पिछड़ों के बीच अपने आधार को बनाये रखने के लिए संघर्ष किया है, क्योंकि भाजपा इस समुदाय के काफी करीब पहुंच चुकी है। जातिगत जनगणना से यह भी पता चला कि ओबीसी अब भी एक व्यापक समूह है, जिसके पास पर्याप्त प्रतिनिधित्व और ताकत नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाजपा के सामने एक चुनौती तो पैदा हो गयी है। इससे निपटने के लिए उसके पास कई विकल्प भी हैं।

### मोदी-शाह युग

मोदी-शाह युग आने से पहले तक भाजपा भी संघर्ष करती रही थी। उसने 1980 और 1990 के दशक में पार्टी के विस्तार के लिए हिंदुत्व के साथ ओबीसी समीकरण को साधा। कल्याण सिंह, उमा भारती और विनय कटियार (सभी ओबीसी) ने तत्कालीन पार्टी महासचिव गोविंदाचार्य के मार्गदर्शन में राम जन्मभूमि आंदोलन को धार दी, तो अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा में उच्च जातियों को साध कर इस आंदोलन के बाद हिंदुत्व गठबंधन को विस्तार देने में विफल रहीं। हालांकि, मोदी और शाह अलग तरह के समाजशास्त्री साबित हुए। उन्होंने समझा कि मंडल युग ने खुद विरोधाभास पैदा कर दिये थे। कुछ जातियों को लाभ हुआ, जबकि पिछड़ों के भीतर भी बहुत बड़ी संख्या में लोग अलग-थलग छोड़ दिये गये। 2014 से भाजपा ने अपना नया समीकरण सेट किया है। इसमें उसने उच्च जातियों को रखा, जो राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास के एजेंडे पर खुद को भाजपाई मानते रहे हैं और अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। दूसरे नंबर पर अत्यधिक पिछड़े लोगों को साधा गया, जो पार्टी के जरिये अपने लिए आगे बढ़ने का अवसर देखते हैं। इसमें एक व्यापक राजनीतिक और धार्मिक गठजोड़ सेट किया गया, केवल उपजातियां नहीं। तीसरा महत्वपूर्ण तबका गरीब दलित समुदायों का रहा, जिन्हें आरक्षण या राजनीतिक ताकत से लाभ नहीं मिला और उन्हें एक व्यापक हिंदू पहचान का हिस्सा महसूस कराने वाले अवसर उपलब्ध कराने की कोशिश की गयी। इस माइक्रो कास्ट-पॉलिटिकल इंजीनियरिंग के साथ-साथ एंटी-मुस्लिम नैरेटिव ने भाजपा को इस गठबंधन को बनाये रखने में मदद की। उत्तर भारत में कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों ने बीते नौ वर्षों में 'नयी भाजपा' को शिकस्त देने के लिए काफी संघर्ष किया है। उनके पास मुस्लिम वोट तो है, लेकिन संदेश स्पष्ट है कि उनका वोट व्यर्थ है, जब तक कि और ज्यादा हिंदू वोट नहीं मिलते। राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का मानना है कि उन्हें जातिगत जनगणना में अपना जवाब मिल गया है और हिंदू वोट बैंक के भीतर पुराने फॉर्मूले पर लौटने की बारी है। हालांकि यह तस्वीर इतनी भी आसान नहीं है।

### भाजपा के पास रोहिणी ब्रह्मास्त्र

भाजपा का पहला लक्ष्य होगा कि बिहार और यूपी जैसे राज्यों में अपने 60 फीसदी गठबंधन (अगड़ी जातियों, अति पिछड़े और सबसे गरीब दलितों को लेकर-यादव, मुसलमान और कुछ सशक्त अंबेडकरवादी दलितों को गणना से बाहर रखते हुए) को बनाये रखे। यह 60 फीसदी तभी संभव है, जब उच्च जातियां, अति पिछड़ों का बहुमत और सबसे गरीब दलितों का बहुमत पार्टी को वोट देता रहे। भाजपा अपने व्यापक सामाजिक आधार को बनाये रखने के लिए बेहद अलर्ट है। उसके पास हर हाल में अपनी कल्याणकारी अपील का उपयोग करने का विकल्प है कि भाजपा के मॉडल ने जाति की बजाय गरीब समुदायों के वर्ग को प्रभावित किया है। लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। भाजपा रोहिणी आयोग की सिफारिशों को लागू करने का फैसला कर सकती है। हालांकि इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग जोर पकड़ सकती है। जानकारों की मानें तो आरक्षण में जिस हिस्सेदारी की उम्मीद में बिहार में जाति सर्वेक्षण कराया गया और अब देश भर में इसकी मांग उठने लगी है, उसका लाभ शायद ही किसी को उम्मीद के मुताबिक मिल पाये। केंद्र सरकार के पास रोहिणी आयोग की सिफारिश ब्रह्मास्त्र के रूप में मौजूद है। रोहिणी आयोग की रिपोर्ट अगर लागू हुई, तो 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण अब चार हिस्सों में बंट जायेगा।

### क्या चार हिस्सों में बंटेगा 27 प्रतिशत आरक्षण

अब सवाल उठने लगा है कि क्या केंद्र सरकार जस्टिस रोहिणी आयोग की सिफारिश के आलोक में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को चार हिस्सों में बांट देने से संबधित अधिसूचना जल्द ही जारी करेगी। क्या वह अधिसूचना एनडीए के लिए चुनावी ब्रह्मास्त्र साबित होगी। ऐसे संकेत तो मिल रहे हैं कि यह काम जल्द ही हो सकता है। रोहिणी न्यायिक आयोग की सिफारिश राष्ट्रपति तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार इस आरक्षण वर्गीकरण का चुनावी लाभ एनडीए को मिलेगा। नरेंद्र मोदी सरकार ने साल 2017 में जस्टिस जी रोहिणी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय आयोग का गठन किया था। आयोग को इस बात का पता लगाना था कि 27 प्रतिशत मंडल आरक्षण का लाभ सभी पिछड़ी जातियों को समरूप ढंग से मिल रहा है या नहीं। जांच के बाद आयोग ने यह पाया कि केंद्रीय सूची में शामिल 2633 पिछड़ी जातियों में से करीब एक हजार जातियों को आज तक मंडल आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिला। आरक्षण का अधिक लाभ मजबूत पिछड़ी जातियों को ही मिलता रहा है। वैसे भी 27 में से कुल मिला कर सिर्फ 19 प्रतिशत सीटें ही अभी भर पाती हैं। पता चला है कि आयोग ने मंडल आरक्षण के तहत निर्धारित 27 प्रतिशत आरक्षण को चार भागों में बांट देने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है।

### 97 मजबूत पिछड़ी जातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण लाभ

जानकारों की मानें, तो यदि रोहिणी आयोग की सिफारिश केंद्र सरकार ने मान ली, तो केंद्र की सूची में शामिल 97 मजबूत पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण में से सिर्फ 10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। 1674 जातियों को दो प्रतिशत, 534 जातियों को छह प्रतिशत और 328 जातियों को नौ प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। याद रहे कि आरक्षण का अधिक लाभ अब तक मजबूत पिछड़ी जातियों को ही मिलता रहा है। आयोग ने संभवतः इस तरह वर्गीकरण की सिफारिश की है। प्रथम श्रेणी में केंद्र की सूची में शामिल 97 मजबूत पिछड़ी जातियों को अब 27 में 10 प्रतिशत आरक्षण मिले। दूसरी श्रेणी में 1674 जातियों को दो प्रतिशत मिले। तीसरी श्रेणी में 534 जातियों को छह प्रतिशत मिले और चौथी श्रेणी में 328 जातियों को नौ प्रतिशत आरक्षण मिले।

---

## कमलनाथ की बहू प्रियानाथ लड़ सकती हैं चुनाव

बीजेपी ने छिंदवाड़ा की सात विधानसभा सीटों में से छह पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। वहीं, कांग्रेस ने अभी तक छिंदवाड़ा की किसी भी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन सभी के बीच छिंदवाड़ा सीट को लेकर कई तरह की अटकलें शुरू हो गयी हैं। हाई प्रोफाइल सीट समझी जाने वाली छिंदवाड़ा विधानसभा से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कमलनाथ के नाम पर मुहर लग चुकी है। जबकि पहले इस सीट पर सांसद नकुलनाथ की पत्नी और कमलनाथ की बहू प्रियानाथ के लड़ने की चर्चा चल रही थी। ऐसे में अब यह चर्चा चल रही है कि प्रियानाथ सौसर से चुनाव लड़ सकती हैं। दरअसल, सौसर, चौरई और छिंदवाड़ा जिले की तीनों विधानसभा सीट अनारक्षित हैं। ऐसे में सौसर से वर्तमान विधायक विजय चौरे की जगह प्रियानाथ को उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

## एमपी चुनावों में मतदाताओं की पहली पसंद नये उम्मीदवार रहे हैं

मध्यप्रदेश की बात करें तो पिछले तीन विधानसभा चुनावों के परिणामों में साफ दिखता है कि प्रदेश के मतदाताओं की पहली पसंद पुराने नेताओं के बजाय एक या दो चुनाव लड़े नेता ही होते हैं। 2008, 2013 एवं 2018 के विजयी उम्मीदवारों का विश्लेषण देखें तो उनमें 65% नेताओं ने पहला या दूसरा चुनाव लड़ा था। 2008 में विधानसभा पहुंचने वाले नये चेहरों में भाजपा के 103, कांग्रेस के 39 एवं अन्य पार्टियों के 15 विधायक शामिल थे। 2013 में भाजपा के 107, कांग्रेस के 45 और अन्य पार्टियों के सात विधायक नये थे।

**2018 में 72.8% नये चेहरे सफल**

**2018 में भी यह ट्रेंड जारी रहा। भाजपा के 57, कांग्रेस 83 एवं अन्य दलों के छह नेता पहला या दूसरा चुनाव लड़ कर विधानसभा में पहुंचे थे। 2018 के चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर पहला या दूसरा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के जीतने का प्रतिशत 72.8% था, जबकि भाजपा के विधायकों में यह 52.3% था।**

**रोचक जानकारी**

**2013 में अन्य दलों से सात उम्मीदवार जीते थे, जो पहली बार चुनाव लड़ थे। भाजपा-कांग्रेस के अलावा नये चेहरों के जीतने का प्रतिशत 100% था। 2013 में कांग्रेस को प्रदेश में 58 स्थानों पर विजय हासिल हुई। इनमें प्रथम और द्वितीय बार के विजयी उम्मीदवारों की संख्या 45 थी यानी 77.8%। 2018 में कांग्रेस को 114 सीटें प्राप्त हुई थीं, उनमें पहला और दूसरा चुनाव लड़े नेताओं की संख्या 83 थी, जो 72.8% रही थी। 2018 में भाजपा को 109 स्थानों पर जीत हासिल हुई थी। उनमें पहला और दूसरा चुनाव लड़ने वाले नेताओं की संख्या 57 थी, जो 52.3% थी।**

## चुनाव लड़ने को लेकर सीएम शिवराज ने जनता से मांगी राय

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उम्मीदवार के तौर पर मैदान में नजर आयेंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। इसके जवाब का इंतजार प्रदेश की पूरी जनता को है, लेकिन इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद इस सवाल का जवाब तलाश रहे हैं।

बुधनी विधानसभा के एक गांव में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से जनता से पूछा कि आप बताइये चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं, इस पर जनता ने जवाब दिया हां। कार्यक्रम के बाद जब पत्रकारों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से चुनाव लड़ने को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि जब आप चुनाव लड़ते हैं, तो जनता की राय बहुत जरूरी होती है, और अब जब जनता ने कह दिया है तो जरूर चुनाव लड़ूंगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.8 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.42 बजे |



## निलंबित डीसी छवि रंजन को जमानत देने से हाइकोर्ट का इनकार

# कोर्ट ने कहा-जांच नहीं है अधूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने उन्हें बेल देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा है कि लैंड स्कैम में जांच अधूरी नहीं है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल जेल में बंद सस्पेंड हो चुके डीसी छवि रंजन ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने हाइकोर्ट में गुहार लगायी है कि उन्हें डिफॉल्ट बेल दी जाये। इससे पहले सस्पेंड हो चुके डीसी छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 की याचिका दाखिल की थी। 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय निर्धारित किया गया है। इस याचिका को निचली अदालत ने खारिज कर दिया था।



### जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है मामला

रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में इडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल,बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## लैंड स्कैम: अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 को होगी सुनवाई

रांची । लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में अमित की याचिका पर सुनवाई हुई।

**इन लोगों को इडी ने बनाया है आरोपी :** रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में इडी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## लैंड स्कैम: भानू प्रताप को जमानत देने से इडी कोर्ट का इनकार

रांची। लैंड स्कैम के आरोपी और बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप की जमानत याचिका पर रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने भानू को बेल देने से इंकार करते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इससे पहले अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद भानू की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। भानू को इडी ने इसी वर्ष अप्रैल महीने में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने भानू को राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री में मामले में संलिप्त बताते हुए गिरफ्तार किया था। इस केस में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़े व्यवसायी विष्णु अग्रवाल समेत कई लोगों को इडी गिरफ्तार कर चुकी है।

# आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को इडी ने किया गिरफ्तार

## इडी ने शराब घोटाला मामले में मारी थी घर पर रेड

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। संजय सिंह के आवास पर इडी की छापेमारी बुधवार सुबह से ही शुरू थी। शराब घोटाले में इडी की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। शराब घोटाले मामले में पहले से ही दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। पहले इसी मामले में आप नेता के कई करीबियों के परिसरों की तलाशी ली गयी थी। संजय सिंह के यहां छापेमारी की खबर सामने आने के बाद सियासत भी शुरू हो गयी है। भाजपा ने एक बयान में कहा कि पार्टी पहले से कह रही थी कि शराब घोटाला करके आप ने जनता को लूटा है। वहीं, आप ने कहा कि यह तो पता ही था कि केंद्र सरकार ऐसा करेगी। केंद्र सरकार हर उस व्यक्ति को परेशान करने की कोशिश करती है, जो उसके काले चिट्ठे को सामने लाता है।

बता दें कि दिल्ली शराब नीति अनियमितता मामले की जांच कर रही दोनों एजेंसियां सीबीआइ और



इडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरंतला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, बेनॉय बाबू (फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक), पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। शराब नीति घोटाले में संजय सिंह का नाम पहली बार दिसंबर 2022 में सामने आया था। तब इडी ने आरोपपत्र में कारोबारी दिनेश अरोड़ा के बयान के हिस्से के रूप में आप नेता के नाम का उल्लेख किया था। एजेंसी ने दावा किया कि दिनेश अरोड़ा ने उन्हें बताया कि वह शुरू में संजय सिंह से मिले थे, जिनके जरिए वह बाद में एक रेस्तरां में एक पार्टी के दौरान मनीष सिसोदिया से मिले। आरोप पत्र में कहा गया कि संजय सिंह के कहने पर दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी फंड इकट्ठा करने के लिए सिसोदिया को पैसे देने की व्यवस्था की थी। इस साल मई में इडी ने संजय सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि इडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। इससे पहले मई में संजय सिंह ने वित्त सचिव टीवी सोमनाथन को एक पत्र लिखा। उस पत्र में आप नेता ने कहा था कि इडी निदेशक और सहायक निदेशक ने जानबूझ कर बिना किसी आधार के कथित शराब घोटाले से उनका नाम जोड़ा, उनकी सार्वजनिक छवि खराब की और उन्हें बदनाम किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।
- **वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी,उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे, निर्माण कार्य में प्रगति, धनलाभ के अवसर बनेंगे।
- **कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा, गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा, मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, परिवार में मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी।
- **वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।
- **धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे।
- **मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद।
- **कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।
- **मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

## सीएम के अधिवक्ता ने इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को लिखा पत्र, कहा-

# सीएम के समन का मामला हाइकोर्ट में विचारणीय है, कोर्ट का निर्णय आने तक न करें कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी कर इडी के रांची स्थित जनरल कार्यालय में बुलाये जाने के मामले में सीएम के अधिवक्ता ने इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को 4 अक्टूबर को पत्र लिखा है। इसमें 25 सितंबर को इडी द्वारा सीएम की उपस्थिति को लेकर जारी समन का हवाला दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि सीएम हेमंत सोरेन ने समन के खिलाफ हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इस याचिका की त्रुटि हटा ली गयी है। हाइकोर्ट की अनुमति से अब मामले की सुनवाई होगी। क्योंकि यह मामला अभी कोर्ट में विचारणीय है। इसलिए जब तक इस मामले को कोर्ट डिसाइड नहीं कर देता है तब तक इडी द्वारा सीएम को जारी समन पर कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है। सीएम के अधिवक्ता द्वारा पत्र में यह भी कहा गया है कि सीएम कानून का पालन करनेवाले भारत के एक जिम्मेदार नागरिक हैं, वह कोर्ट के आदेश का अनुपालन करेंगे। यहां यह बता दें कि इडी ने समन जारी कर सीएम हेमंत सोरेन को 4 अक्टूबर को इडी के जोनल कार्यालय रांची में उपस्थित होने को कहा था।

## सीएम ने इडी के समन के आधार पर उन पर कार्रवाई रोकने का हाइकोर्ट से किया है आग्रह



सीएम हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि इडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाये। याचिका में सीएम ने इडी द्वारा जारी समन को गलत, अवैध एवं कानून के विरुद्ध बताया है। साथ ही इडी को आगे भी समन जारी करने से रोक लगाने का अभी आग्रह किया है। सीएम ने इडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। कहा है कि ये दोनों धाराएं प्रार्थी हेमंत सोरेन के संवैधानिक अधिकार का हनन करती हैं। पीएमएलए की धारा 50 के तहत इडी को पुलिस अधिकारी जैसा पावर होता है, इडी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं। आइपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिये गये बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के दिये गये बयान की कोर्ट में मान्यता है। इडी को मिली शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार इडी के पास है। याचिका में सीएम का कहना है कि पीएमएलए में किया गया प्रावधान संविधान द्वारा दिये गये मौलिक अधिकार का हनन करता है।

## ढाई सौ इंजेक्शन की कालाबाजारी की पुष्टि

# रेमडेसिविर मामले में पूरक चार्जशीट

- साईंकृपा मेडिकल एंड सर्जिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द
- एसआइटी ने जांच पूरी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोरोना काॅल में जीवन रक्षक इंजेक्शन रेमडेसिविर की कालाबाजारी का एक मामला




कोतवाली थाना में दर्ज हुआ था। इस मामले के अनुसंधान के लिए सरकार की ओर से उस समय के सीआइडी के एडीजीपी अब होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा की अगुवाई में एसआइटी का गठन किया गया था। विशेष जांच दल ने 4 अक्टूबर को एक पूरक चार्जशीट न्यायालय में सुपुर्द की है। जिसमें पुनित प्रजापति, आशीष गुप्ता, अनिश कुमार सिन्हा, अंजू कुमारी और अब मृत कविलाश चौधरी के विरुद्ध पूरक चार्जशीट न्यायालय में सुपुर्द कर दी है। इस पूरे मामले में आइपीएस अधिकारी अनिल पालटा ने बारीकी से अनुसंधान कर रिपोर्ट जमा करवायी थी। इसके पहले आरोपी राजीव कुमार, मनीष कुमार के खिलाफ चार्जशीट हो चुकी है। कोतवाली थाना में गौरव कुमार सिंह ने मामला दर्ज करवाया था। विशेष जांच दल की रिपोर्ट पर डोरंडा स्थित साईंकृपा मेडिकल एंड सर्जिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। यह दुकान सृष्टि अस्पताल के प्रांगण में है। वहीं रिम्स के दो कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।

# जनता का विश्वास हासिल करना पुलिस का सबसे बड़ा कार्यः आलमगीर आलम

## 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जनता का विश्वास हासिल करना पुलिस का सबसे बड़ा कार्य है। पुलिस बल निष्ठा के साथ समाज की बेहतरी के लिए कार्य करें। श्री आलम बुधवार को रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 में 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस जान की बाजी लगा कर कार्य करती है। सारी दुनिया में पहला स्थान पुलिस का होता है। क्योंकि, विधि व्यवस्था हो या अन्य कोई भी काम सबसे पहले लोग पुलिस के पास न्याय, रक्षा के उद्देश्य से जाते हैं। पुलिस के सामने हमेशा चुनौती है, लेकिन उनका सामना डट कर करना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पुलिस की दक्षता बढ़ती है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट से पुलिसकर्मियों के अनुसंधान में निखार आता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की बारीकियों के बारे में विस्तार से ड्यूटी मीट में जानकारी दी जाती है। समय के साथ-साथ अपराध के तरीकों में बदलाव हो रहा है। साइबर क्राइम




गांव से लेकर शहर तक फैल गया है। साइबर अपराधियों से कैसे बचा जाये, इसके लिए और बेहतर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से अबतक 780 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 30 लाख रुपये बरामद किया गया है। लोगों को न्याय दिलाना और कानून की रक्षा करना ही पुलिस का दायित्व है। डीजी सीआइडी अनुराग गुप्ता ने कहा कि साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। आने वाले समय में हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि एक बटन दबाते ही अपराधी का पूरा प्रोफाइल सामने होगा। सीआइडी एसपी एस कार्तिक ने बताया कि अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) की ओर से पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया है। आयोजन चार अक्टूबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसमें विधि विज्ञान, लिफ्टिंग, पैकिंग एवं प्रदर्शन का अग्रसारण, मेडिको लीगल परीक्षा, फोटोग्राफी, क्राइम इन्वेस्टीगेशन रूल्स एंड कोर्ट जजमेंट, अंगुलांक विकास एवं मौखिक परीक्षा, पुलिस पोर्ट्रेट, पुलिस आब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता और श्वान दस्ता से संबंधित परीक्षा ली जायेगी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले को ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में भेजा जायेगा। सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर राज्य पुलिस के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# पहले आदिवासी कार्डिनल थे बिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर प्लासिडस टोप्पो मसीही समुदाय की सर्वोच्च संस्था वेटिकन के पहले आदिवासी कार्डिनल थे। उनका जन्म 15 अक्तूबर, 1939 को गुमला जिला के चैनपुर के सुदूरवर्ती झाड़गांव में हुआ था।



उनके पिता एंब्रोस टोप्पो और माता सोफिया खलखो थीं। वह 10 भाई-बहन थे। कार्डिनल पी टोप्पो भाई-बहनों में आठवें नंबर पर थे। कार्डिनल टोप्पो बहुभाषी थे। वह सादरी, उरांव, हिंदी, अंग्रेजी और इतालवी बोलते थे।

बेल्जियम के पुरोहित के जीवन से प्रेरित होकर उन्होंने संत अल्बर्ट सेमिनरी में दाखिला लिया। संत जेवियर कॉलेज रांची से अंग्रेजी में स्नातक की डिग्री हासिल की और फिर रांची विश्वविद्यालय से इतिहास में एमए की पढ़ाई पूरी की। इस दौरान उन्होंन धर्मशास्त्र की पढ़ाई संत अल्बर्ट कॉलेज रांची में जारी रखी। धर्मशास्त्र की पढ़ाई करने के लिए उन्हें पोनटिफिकल अर्बन यूनिवर्सिटी रोम भेजा गया। आठ मई 1969 को बिशप फ्रांसिसकुस द्वारा स्विट्जरलैंड के बसेल में उनका पुरोहिताभिषेक किया गया और वे एक युवा पुरोहित के रूप में भारत वापस लौटे। इसके बाद वह तोरपा के संत जोसेफ स्कूल में बतौर शिक्षक नियुक्त किये गये। इसके साथ ही उन्हें स्कूल का कार्यवाहक प्राचार्य भी बनाया गया। सन 1976 में उन्होंने लीवंस बुलाहट केंद्र तोरपा की स्थापना की और इसके पहले अन्वेषक एवं निर्देशक बने। इसके बाद महाधर्माध्यक्ष पीयूष केरकेट्टा एसजे आर्चबिशप हाउस रांची के सेक्रेटरी बनाये गये। आठ जून 1978 को तेलेस्फोर पी टोप्पो को दुमका के बिशप के रूप में नियुक्त किया गया और उन्होंने 'प्रभु का मार्ग तैयार करो' को अपना आदर्श वाक्य चुना। वह 1984 तक दुमका के बिशप रहे। इसके बाद वह रांची के आर्चबिशप बन गये। 21 अक्टूबर 2003 को संत पिता के धर्माध्यक्ष तेलेस्फोर पी टोप्पो को कॉलेज ऑफ कार्डिनल में शामिल किया गया। कैथोलिक कलिसिया के ऐसे सम्मानीय पद से नवाजे जाने वाले वह प्रथम और पूरी एशिया के पहले आदिवासी बिशप थे। जनवरी 2004 में उन्हें दो साल के लिए कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीसीबीआइ) का अध्यक्ष चुना गया।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चर्च कार्यालयों में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो द्वारा संभाले गये अन्य पदों में झारखंड बिशप और मेजर सुपीरियर फोरम के अध्यक्ष, क्षेत्रीय बिशप परिषद के अध्यक्ष और धर्मशास्त्र संकाय, रांची के चांसलर, फोकोलेरे मूवमेंट के बिशप फ्रेंड्स के सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा वह संस्कृति के लिए परमधर्मपीठीय परिषद के सदस्य, अंतर धार्मिक संवाद के लिए परमधर्मपीठीय परिषद के सदस्य, वित्त सतर्कता आयोग के सदस्य भी रहे।

टोप्पो को 21 अक्टूबर 2003 को पोप जॉन पॉल द्वितीय द्वारा कार्डिनल-पुजारी बनाया गया था, जिसे सैक्रो कुओर डी गेसू एगोनिजेंट ए विटिनिया का नाममात्र चर्च दिया गया था। वह एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल और भारत के तीसरे कार्डिनल थे। कार्डिनल की उपाधि ग्रहण करने के मौके पर उन्होंने कहा था कि यह भारत में जनजातीय चर्च के लिए विशिष्टता का प्रतीक और इसके विकास की मान्यता है। वह 2005 के पोप कॉनक्लेव में निर्वाचक थे, जिसमें जोसेफ रतजिंगर को पोप बेनेडिक्ट 16वें के रूप में चुना गया था। 2008 में बिशपों की धर्मसभा में उन्होंने विश्वव्यापी प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन सच्चाई को कमजोर करने के खिलाफ चेतावनी दी और ईस्टर के उत्सव के लिए एक सामान्य तिथि पर सहमति का आह्वान किया। 2012 में न्यू इवेंजेलाइजेशन पर धर्मसभा में उन्होंने धार्मिक आदेशों से मिशनरी कार्यों के लिए खुद को नये सिरे से प्रतिबद्ध करने का आह्वान किया। वह उन कार्डिनल निर्वाचकों में से एक थे, जिन्होंने 2013 के पोप कॉनक्लेव में भाग लिया था, जिसमें पोप फ्रांसिस का चयन किया गया था।

रांची और भारत के कैथोलिक इसाइयों के लिए उन्होंने बड़ी धार्मिक जिम्मेदारी निभायी। सिर्फ धार्मिक ही नहीं, सामाजिक मुद्दों पर भी उन्होंने प्रखरता से बात रखी। झारखंड तथा आदिवासियों के लिए उनके विचार उनके प्रवचनों में झलकते रहे हैं। 24 जून 2018 को वह सेवानिवृत्त हो गये। इसके बाद वह नामकुम के राजाउलातू स्थित संत अन्ना धर्मसमाज के अस्पताल और रिसर्च सेंटर के परिसर में ही स्थित ओल्ड एज होम में रहने लगे।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल बने थे। मरांडी ने स्व टोप्पो की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बता दें कि कार्डिनल ने मांडर के लिंक्स हॉस्पिटल के आइसीयू में बुधवार को अंतिम सांस ली।

## पीआइएल खारिज, प्रार्थी पर एक लाख जुर्माना

रांची। हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर याचिका हाइकोर्ट ने खारिज कर दी है। साथ ही अदालत ने इस केस के याचिकाकर्ता मंटू सोनी पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान अदालत में एनटीपीसी की ओर से उपस्थित वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने कोर्ट को बताया कि मंटू सोनी पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसकी जानकारी छिपा कर उन्होंने यह याचिका दाखिल की है।


**AFFIDAVIT**

**I DUKA ORAON,** S/O LATE LAKHIYA ORAON, R/O VILL-PS- NAMKUM, DIST-RANCHI, JHARKHAND VIDE **AFFIDAVIT NO.19 DATED 14/09/2023** DECLARED THAT **DUKA ORAON & ARJUN ORAON** IS SAME AND ONE PERSON WHICH IS MY NAME FROM NOW ON WARDS I WILL BE KNOWN AS **DUKA ORAON** FOR ALL PURPOSE

## मिट्टी का घर गिरने से एक व्यक्ति की मौत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सतडीहा पंचायत के लतबेधवा गांव में अधिक वर्षा होने के कारण मिट्टी का घर गिरने से सदानंद सिंह (45) नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि वह घर मे था और इसी दौरान मिट्टी के घर की दीवार गिरने से वह उसमें दब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। सदानंद सिंह को दो पुत्र एक पुत्री, पत्नी और मां है। अबतक उसे किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला था और पूरे परिवार के साथ कच्चे घर मे रहता था।

## दिव्यांग बच्चों का प्रखंड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र मरकच्चो में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कोडरमा के आदेशानुसार समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का प्रखण्ड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से होली फैमली अस्पताल के डॉ रंजीत सिंह उपस्थित थे। जांच शिविर में दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया तथा जांच कर छात्र शुभम कुमार और विक्रम कुमार को उनसे संबंधित उपक्रम दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबिता कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद शेखर, रिसोर्स शिक्षक संतोष कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, बिरेन्द्र कुमार यादव, विकास कुमार, शहबाज आलम, शाहीन आदि के साथ विभिन्न विद्यालय से आये बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## सुरेंद्र प्रताप बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंदिर परिसर मरकचो में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार को देर शाम बैठक हुई। बैठक में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने दुर्गा पूजा के अवसर पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने, पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने राम नवमी पूजा का आय-व्यय प्रस्तुत किया। बैठक में सर्व समिति से पुरानी कमेटी को ही बरकरार रखा गय। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। बैठक में आचार्यअधीन पांडे, अवध किशोर सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक नागेश्वर पांडे, विजय मोदी, दिगम्बर सिंह, बैजनाथ मोदी, कामदेव सिंह, मनोज सिंह, सतीश सिंह, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण चंद्र गुप्ता, निरंजन पांडे, दामोदर मिस्त्री, बबुनी सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रमोद कुमार सिन्हा, महेंद्र पांडे, श्याम वर्णवाल, बिपिन वर्णवाल, अवतार राय, अमीत कुमार सिंह, सदानंद पांडे, राजेश कुमार पांडे समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बारिश से गरीब का गिरा घर, मुआवजे की मांग



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बुधवार को टेहरो पंचायत के ग्राम पचमौह निवासी पूनम देवी पति धनेश्वर मिस्त्री और ग्राम टेहरो के दिलीप प्रसाद यादव पिता राम प्रसाद यादव का कच्चा खपड़ैल मकान धराशाई हो गया है। पीड़िता ने बताया कि हम काफी गरीब परिवार हैं। घर गिरने से काफी समस्या उत्पन्न हो गई है। हम अपने देवर के घर में फिलहाल मजबूरन रह रहे हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि हमारा पति मिस्त्री मजदूरी का काम कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। हमें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने आवास योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्थानीय मुखिया से आवास को लेकर गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि हम लोग छह परिवार इस घर में रहते थे। गनीमत रहा कि दूसरे कमरे में हम लोग सोये थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए हिंदुस्तान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा में कक्षा प्रथम के इंद्रजीत कुमार पिता लालू प्रसाद, कक्षा दूसरी के तन्मय सिंह पिता न्यूटन कुमार, कक्षा पांचवी के अंकित कुमार पिता हीरालाल यादव, कक्षा छठी के प्रतीक राज पिता शंभू यादव, कक्षा सातवीं की अरात्रिका सिन्हा पिता डा अमरेंद्र कुमार सिन्हा, कक्षा आठवीं की कुमारी श्रेयसी पिता रविंद्र कुमार मुकुल, कक्षा की नवमी शार्यतिका मोदी माता वीणा कुमारी, कक्षा बारहवीं के देव्यांश कुमार पिता राजेश कुमार दास ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनमे से प्रत्येक विद्यार्थी को हिंदुस्तान ओलिंपियाड की ओर से पारितोषिक 2100 रुपये का चेक तथा श्रेष्ठता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह बच्चों की शानदार सफलता से अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा भविष्य में वह ऐसे ही सफलता के शिखर को प्राप्त करते रहें।

## सच बोलने वाले मीडिया संस्थाओं का उत्पीड़न बंद करे भाजपा सरकार: संजय पासवान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली पुलिस द्वारा कठोर यूएपीए का इस्तेमाल करते हुए मंगलवार सुबह पत्रकारों, वैज्ञानिकों, सांस्कृतिक इतिहासकारों और कई अन्य लोगों के घरों पर की गयी छापेमारी की कड़ी निंदा किया है। सीटू झारखंड के सचिव संजय पासवान ने कहा कि मिडिया संस्थानों और पत्रकारों पर कठोर यूएपीए की धारायें लगाकर मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों पर खुला हमला है। यह उन आवाजों को दबाने का एक जबरदस्त प्रयास है जो एक तरफ लोगों पर भारी बोझ डालने वाली मोदी सरकार की विनाशकारी नीतियों और दूसरी तरफ सांप्रदायिक जहर और नफरत फैलाने का विरोध कर रही हैं। मोदी सरकार स्वतंत्र मीडिया घरानों, संगठनों और व्यक्तियों को परेशान करने, डराने और धमकाने के लिए जांच एजेंसियों को तैनात करने और झूठे मामले थोपने के लिए कुख्यात हो गई है। जो गोदी मीडिया द्वारा फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सच्चाई सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। बीबीसी, न्यूजलॉन्ड्री, द वायर, दैनिक भास्कर, भारत समाचार, द कश्मीर वाला और कई अन्य समाचार एजेंसियों को पहले ही निशाना बनाया गया था। अब भाजपा सरकार ने न्यूजक्लिक के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला है, घरों पर छापेमारी की है और उसके अधिकारियों और कर्मचारियों के लैपटॉप और मोबाइल फोन छीन लिए हैं। इस तरह के तानाशाही कदम मोदी सरकार की कर्मचारी-विरोधी, जन-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ किसी भी आलोचना के प्रति बढ़ती असहिष्णुता को दशार्ता हैं, खासकर लोगों की बढ़ती एकजुट कार्रवाइयों के मद्देनजर जब देश में आम चुनाव केवल कुछ ही महीने दूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सच बोलने वाले मीडिया संस्थाओं का उत्पीड़न बंद करे।

### हजारीबाग एसीबी टीम ने की कारवाई, किया 10वां ट्रैप

## दस हजार घूस लेते जेइ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग एसीबी टीम ने साल का 10वां ट्रैप किया है। टीम ने 10 हजार रुपये लेते जेई को धर दबोचा है। सोमर महतो उम्र 38 वर्ष पिता स्व बालो महतो, ग्राम + पो - चैनपुर, प्रखंड -डाडी, जिला-हजारीबाग के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया था कि उनकी पत्नी अंजनी देवी के नाम से मनरेगा योजना के तहत एक कूप निर्माण कार्य वर्ष 2022-23 में दिया गया है, जिसका योजना सं- 3416005013 आई एफ 7080901511304 और प्राक्कलित राशि 3,81,299 रू है। आवेदक के द्वारा कूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सुशील कुमार केसरी, जेई के द्वारा फाइनल मापी पुस्त भर कर दिया गया है। 1,70,000/-रू के भाउचर पर हस्ताक्षर करने हेतु जेई सुशील कुमार केसरी के द्वारा 20,000 (बीस हजार) रूपया घूस की मांग की गयी। आवेदक घूस नहीं देना चाहते थे इसलिए एसीबी के एसपी को आवेदन दिये थे। आवेदन पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में प्रतिनियुक्त पुलिस निरीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन के दौरान वादी के काफी अनुनय-विनय करने के बाद आरोपी 10,000 रू० रिश्वत लेकर वादी का काम करने के लिए तैयार हो गये। इस प्रकार आरोपी द्वारा रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया। वादी के आवेदन और सत्यापनकर्त्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र०नि० ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं- 10/2023 पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के ट्रैप टीम के द्वारा दण्डाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में बुधवार को प्राथमिकी अभियुक्त सुशील कुमार केसरी उम्र 38 वर्ष पिता लाल बहादुर प्रसाद केसरी, ग्राम- सेमरटांड़, पो - शाहपुर, - थाना न-चैनपुर, जिला- पलामू सम्प्रति कनीय अभियंता (मनरेगा) प्रखंड - डाडो, जिला - हजारीबाग को वादी सोमर महतो से 10,000 रू० रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय में अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस फुटबॉल ग्राउंड में अंतर्विभागीय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को उद्घाटन के मौके पर आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। बता दें कि कृषि, आइटी, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आर्ट्स की टीम ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। बुधवार को पहला मैच कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आइटी के बीच खेला गया, जिसमें आइटी विभाग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच कृषि और कला विभाग के बीच खेला गया, जिसमें कृषि विभाग की टीम ने 2-1 से मैच में जीत हासिल की। अब गुरुवार को फाइनल मुकाबला आइटी व कृषि विभाग के बीच खेला जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने उद्घाटन मौके पर कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों का आयोजन कराया जाता है और विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ साथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का समावेशी विकास करना है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय की ओर से समय समय पर वेबीनार, सेमिनार, सांस्कृतिक गतिविधियां व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। डॉ गोविंद ने कहा कि क्रिकेट, फुटबॉल के अलावा विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय खेलों पर भी जोर दिया जाता है, जिससे क्षेत्रीय खेलों के प्रति भी विद्यार्थियों की रूचि बढ़े और इन खेलों में भी आने वाले समय में परचम लहरा कर विद्यार्थी देश का नाम ऊंचा कर सके। बताते चलें कि बुधवार को खेले गये दोनों मैचों में रेफरी की भूमिका सह प्राध्यापक सुरेश कुमार महतो ने निभाई। वहीं कमेंट्री सह प्राध्यापक राजीव रंजन ने की। टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, डॉ रूद्र नायायण, मुकेश कुमार, उदय रंजन, संजय कुमार दांगी व अन्य अहम योगदान दे रहें हैं।

### हजारीबाग-बगोदर सड़क बनी जंजाल, हो रही दुर्घटनाएं

## सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो होगा आंदोलन: देव कुमार

धीरज पुरी



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग बगोदर सड़क कि हालत काफी जर्जर हो चुकी है। सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी से लेकर हुटपा तक और दारू प्रखंड क्षेत्र के जिनगा से लेकर पिपचो तक सड़क कि हालत काफी जर्जर हो चुकी है जिसमे झुमरा चौक कि स्तिथि अतयंत जर्जर है यहां पर आये दिन दुर्घटना होते रहती है। सड़क पर दो तीन फीट गड्ढे हो गये है जिनमे पानी भर जाने के कारण अनजान राहगीर गिर कर घायल हो रहे है। दारू थाना क्षेत्र के त्रिदेव पैट्रोल के पास पिपचो में गड्ढे में तेज गति से गाड़ी का टायर घुस जाने के कारन बिचाली लदा ट्रक पलट गया। इस हादसे में गनीमत रही कि चालक या अन्य किसी को ज्यादा चोट नहीं आयी। बुधवार को ही मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हुटपा में एक बाइक सवार सड़क में बने गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। घायल युवक रांची से अपने घर अटका बगोदर जा रहा था तभी रास्ते में अनजान गड्ढे में गिरकर वह घायल हो गया, इस दुर्घटना में उसका एक पैर की हड्डी बुरी तरह से टूट गई घटना के बाद पहुंचे, आसपास के लोगों की सहायता से उसे ऑटो से इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया।

एनएच 522 सड़क कि जर्जर हालत होने के कारण जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का गुस्सा नजर आने लगा है। सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए राष्ट्रीय मानव मानवाधिकार और आरटीआई जागरूकता संगठन के युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष देव कुमार राज ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर बने गड्ढों में खड़ा होकर आंदोलन के चेतावनी दी। देव कुमार राज ने कहा कि एनएच 522 सड़क कि मरम्मति का टेंडर निकल चुका है पर काम प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। झुमरा के सड़क की हालत इतनी बुरी हो चुकी है कि रोजाना दर्जनों लोग गिरकर घायल हो रहे हैं और वे लोग चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं, यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य नहीं प्रारंभ किया गया तो वे लोग मजबूर होकर सड़क को जाम कर देंगे। इस संबंध में आंदोलन के चेतावनी दी है। देव कुमार ने कहा कि इतने दिनों से मीडिया और अन्य माध्यमों से अधिकारियों को जताया जा रहा है कि यहां पर सड़क हालत बहुत बुरा है लेकिन कोई भी इसकी और ध्यान नहीं दे रहा है इसलिए इसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होना चाहिए, जिला पार्षद गीता देवी ने कहा कि सड़क का टेंडर हो चुका है और जल्दी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

### स्वास्थ्य विभाग में 16 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का हुआ चयन

## डीएमएफटी मद से चिकित्सकों की कमी को पूरा करने का प्रयास: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार पहल की जा रही है। जिला प्रशासन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधारभूत संरचना और कुशल चिकित्सकों, नर्स, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन हेतु वॉक इन इन्टरव्यू आयोजित किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गठित चयन समिति में डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह, प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीना, नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार सहित विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल थे।

**बुधवार को संपन्न साक्षात्कार में इन चिकित्सकों का हुआ चयन:** बुधवार को विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों के चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया है। साक्षात्कार उपरांत रेडियोलॉजिस्ट पदपर डॉ अरूण कुमार, गायक्नोलॉजिस्ट के रूप में डॉ कौजिया सुलताना रिजवी, डॉ. राजलक्ष्मी यादव, डॉ. त्रिशला सिंह, डॉ. दिव्या किरण एक्का तथा पेडट्रीशियन के पद पर डॉ. रविन्द्र कुमार वर्मा, डा रिचा रश्मि, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. अनु और ऑर्थोपेडिक के रूप में डॉ. मयंक प्रताप ओपथलमोलोजिस्ट के पद पर डॉ. परिमल पियूस और डॉ. विशाखा गुप्ता, इएनटी विशेषज्ञ के रूप में डॉ राहुल कुमार, सर्जन के पद पर डॉ. विकास कुमार, डॉ. विमल कृष्ण सहाय, जेनेरल फिजिसियन में डॉ. महीपाल सिंह का चयन किया गया है। वहीं गायनोक्लोजिस्ट डॉ. प्रियंका आनंद को सहित प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

**इन पदों पर की जा रही है बहाली:** इस क्रम में उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मियों को दूर करने के लिए डीएमएफटी मद से प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों के आधार पर दो चरणों में 225 विभिन्न पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें विशेषज्ञ पदाधिकारी, एएनएम, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन, स्वास्थ्य प्रबंधक, काउंसलर, फार्माशिस्ट जैसे पद शामिल हैं।

## बेबी देवी बनी जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने नगवां निवासी बेबी देवी को हजारीबाग जिला महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनीत करते ही गुंजन सिंह ने आशा व्यक्त कि है की बेबी देवी पद ग्रहण के साथ ही जिला महिला कांग्रेस कमिटी का शीघ्र ही गठन करते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा से जिला में महिला कांग्रेस की संगठन को अधिक से अधिक मजबूति प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा के अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। बेबी देवी के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगंबर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद अली खान, बिनोद सिंह, जावेद मल्लिक, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, गुड्डू सिंह, सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, असगरी अंजूम, मनिषा टोप्पो, कोमल कुमारी, राजू चौरसिया, बाबर अंसारी, विजय कुमार सिंह, मो. रब्बानी, सचिन कुमार मेहता, माशूक अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते उनहें हार्दिक बधाई दी है।

## शाहिद जयवीर महतो की 30वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**चरही (आजाद सिपाही)।** शहिद जयवीर महतो का बेदी स्थल 45 कांटा और चरही चौंक प्रतिमा पर फूल माला चढाकरू 30 वां श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 04 अक्टूबर 2023 को पूर्व प्रमुख शहिद जयबीर महतो शहिद दिवस के अवसर पर शहिद बेदी स्थल 45 कांटा और चरही चौंक स्थित इनके प्रतिमा में श्रद्धांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस शहिद दिवस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह हजारीबाग लोक सभा पूर्व प्रतियाशी शिवलाल महतो, चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो, उप मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अभिजीत सिंह, रोशनी देवी, संतोष राय, महादेव रविदास, नईम अंसारी, प्रदीप लकड़ा, प्रमोद सिंह, गोपाल महतो, दीपक महतो, नरेश राम, देवनाथ महतो, बिनोद कुमार केसरी, अभिषेक कुमार, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## क्रियेटिव हाई स्कूल के बच्चों की एनिमिया जांच



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य उपकेंद्र डहरभंगा टाटीझरिया में स्वास्थ्य शिविर लगा कर क्रियेटीव हाई स्कूल के छात्राओं का एनिमिया जांच किया गया। बच्चों को शिविर लगा कर आंख, नाखुन समेत का जांच किया गया। जांच चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निधी नारायण ने किया। निधी नारायण ने बताई कि बच्चों का अभी आंख सफेद होना समेत अन्य लक्षण बढ़ रहा है इसी को देखते हुए जांच किया गया है। इसके अलावा बुजुर्गों का सुगर, बीपी समेत अन्य बीमारियों का जांच किया गया। जांच के बाद स्वास्थ्य की स्थिति को देखते दवाइयां दिया गया। जांच में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ निधी नारायण के अलावा रविंद्र कुमार, मो शरीफ, रूबी कुमारी समेत अन्य था। इसके साथ मोनिका कुमारी, नितु कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, निशा कुमारी, रानी कुमारी, प्रिया कुमारी समेत सैकड़ों छात्राओं का जांच किया गया।

## महुगाइकला दुर्गा पूजा समिति का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के महुगाइकला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लाश और धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा मानने को लेकर सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष कृष्ण कुमार भार्गव, सचिव निकु कुमार राणा, कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर, उपाध्यक्ष बासुदेव साव, उप सचिव हेमाली राणा, उपकोषाध्यक्ष यमुना साव, संगठन मंत्री दिपक कुमार साव, मनोरंजन मंत्री सतीश कुमार राणा को बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में भोली कुमार साव, बसंत राम, जनार्दन राणा, मनोज साव, चंद्रदेव ठाकुर, लालो साव, दिनेश साव, खिरोधर कुमार साव, राजु साव, टेपाली ठाकुर, किरण साव, पवन साव, गौतम रजवार, प्रदेशी भुईया, इंदर साव, दिपक कुमार साव, ओम प्रकाश साव, पिंटु राणा, विजय कुमार, शेखर कांत, विकाश ठाकुर, संजय साव, बब्लु साव, प्रेम कुमार साव सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## डॉ महेंद्र वैद्य हुए पंचतत्व में विलीन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज विष्णुगढ़ के सचिव डॉ महेंद्र वैद्य पिता स्व परमेश्वर वैध का निधन मंगलवार देर रात इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से बोकारो में हो गया। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। पुत्र प्रशांत वैद्य ने मुखाग्नि दी। शव यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, गणेश पांडेय, धनेश्वर तिवारी, अजय पांडेय, बटेश्वर मिश्रा, शम्भूनाथ पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, अनिल मिश्रा, अजीत मिश्रा, आशीष पांडेय, विजय पांडेय, मुन्नीलाल पांडेय, महेश पांडेय, युगल पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, शिवपूजन पांडेय, दिलीप पांडेय, राजेश शर्मा, बैजनाथ पांडेय, श्यामाकांत शर्मा, जनार्दन पांडेय, प्रदीप पांडेय, सुबोध पांडेय, रोहितानंद मिश्र, दिनेश्वर पांडेय, संजीत मिश्रा, संजय मिश्र, सुनील अकेला, महादेव वैद्य, सहदेव वैद्य, बालेश्वर वैद्य, सतीश वैध, राकेश वैद्य, उमाशंकर वैद्य, ओम प्रकाश वैध समेत भारी संख्या में लोग शामिल थें।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण संघ ने प्रदीप, मनोज और महेंद्र वैद्य को दी श्रद्धांजलि

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा, शंभू नाथ मिश्र, सचिव महेंद्र शर्मा, प्रदेश संयोजक उमेश पांडेय, बसंत पांडेय, सुरेश पांडेय, अजय पांडेय, भृगुनंदन पांडेय, सुनील पांडेय, राजेंद्र पांडेय, मुकेश पंडा, पुरषोत्तम पांडेय, पवन जिगर पांडेय, शालिग्राम उपाधाय, धनेश्वर तिवारी, मदन पांडेय, देवदत तिवारी सहित प्रदेश, जिला और प्रखंड पदाधिकारी सदस्य गण ने साडम निवासी मनोज तिवारी पिता स्व कालीचरण तिवारी और बिश्नुगढ़ निवासी महेंद्र वैध पिता स्व परमेश्वर वैध और बड़गांव निवासी प्रदीप पांडेय को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रदेश अध्यक्ष केदार पंडा ने कहा की मृत्यु की वस में नहीं है ये परमात्मा की देन है लेकिन समय से पहले मृत्यु होना एक दुखद है हमने एक कर्मठ साथी को खो दिया हूं। उधर उतर प्रदेश में हुई दर्दनाक विदारक घटना सत्यप्रकाश दुबे के परिवार सहित 6 लोगो की हत्या कर दिया सत्यप्रकाश दुबे एक गरीब ब्रह्मण से थे उनकी निर्मम हत्या की कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण संघ और अंतरराष्ट्रीय ब्रह्मण ने घोर निंदा किया है। अंतरराष्ट्रीय ब्रह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय ने कहा की उत्तरप्रदेश के देवरिया गांव में भूमि विवाद को लेकर की गयी। हत्या एक साजिश की तहत किया गया है हत्यारों को जल्द से जल्द ट्रायल केस चलाकर फांसी की सजा हो अंतरराष्ट्रीय ब्रह्मण संघ ने मनोज तिवारी और महेंद्र वैध प्रदीप पांडेय और उतर प्रदेश के देवरिया गांव के एक गरीब ब्रह्मण सत्यप्रकाश दुबे के परिवार वालों को उमेश पांडेय, ज्योतिष पंडा, संदीप पांडेय, विनय कुमार पांडेय, अजय पांडेय, सोनू पांडेय, रामचंद्र पांडेय, झब्बू उपाधय, धर्मेंद्र पांडेय, सुरेश मिश्रा, सत्यानंद पांडेय, सुधीर पंडा, सुबोध पंडा, गंगा पंडा, शंभू प्रमोद पांडेय, पंकज पांडेय, प्रदीप पांडेय, अरविंद पांडेय, ऋषि पंडा, अरुण पांडेय, सागर पांडेय, सचिन पांडेय, अशोक पांडेय, सुखदेव पांडेय, आनद पांडेय, सहित सैकड़ों ब्रहमणो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वेदांता हॉस्पिटल से रेलवे कर्मचारियों के इलाज का हुआ टाइअप

पतरातू (आजाद सिपाही)। रेल कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों का बेहतर इलाज के लिए वेदांता हॉस्पिटल रांची में रेलवे के साथ टाइअप था। जिसके कारण रेल कर्मचारी और उनके सदस्यों का चिकित्सा फ्री होता था। लेकिन 26.9.2023 को टाईअप का पीरियड खत्म हो गया था। इसी सिलसिले में आज पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि रेल अधिकारियों के साथ बैठक की और मांग रखी। पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन के पतरातू शाखा एक के सचिव आर एन चौधरी ने बताया की यूनियन की मांग को मान लिया गया। टाइअप का पीरियड को बढ़ा दिया गया। इस समाचार से रेलवे कर्मचारी एवं रेलवे कर्मचारी के सदस्यों में खुशी की लहर है।यूनियन के इस कदम को सराहनीय कदम बतलाया।

## अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल

# करोड़ों का लेनदेन प्रभावित, उग्र आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ रामगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। हड़ताल में 10 सूत्री मांगों को लेकर जिले के 101 शाखा डाकघरो, उप डाकघर व प्रधान डाक घर में कार्यरत सभी ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल में शामिल रहे। एक दिन के सांकेतिक हड़ताल से जिले से लगभग दस करोड़ का लेन-देन का कार्य प्रभावित हुआ। साथ ही रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट व पार्सल का डिलिवरी नहीं किया जा सका। जिससे ग्रामीण जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। संघ के शाखा सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अगर हमारी जायज मांगो पर सरकार गंभीर नहीं होता है तो आने वाले पांच दिसंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जायेगा, ऐसा संघ के केंद्रीय नेतृत्व का निर्णय है। इसमें जिले के सारे डाकघरों में ताला जड़ दिया जायेगा। कहा कि बुधवार के हड़ताल में देश के लगभग तीन लाख ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल किया है। कहा कि दस सूत्री मांगों में आठ घंटे काम व पेंशन देने, नियमित कर्मचारियों के समान एक जनवरी 2016 से टीआसीए का तर्कसंगत निर्धारण सहित कमलेश चंद्र समिति की सभी सकारात्मक सिफारिशों का तत्काल कार्यान्वयन करने, समूह बीमा कवरेज पांच लाख करने, ग्रेच्युटी को पांच लाख तक बढाने, 180 दिनों तक सवैतनिक छुट्टी का नकदीकरण करने, जीडीएस व उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा का प्रावधान देने, आइपीपीबी प्रशिक्षण निःशुल्क करने, जीडीएस के लिये प्रभागों द्वारा भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल है। मौके पर चंदन कुमार, विजय गोप, विशेश्वर पासवान, सेवन मांझी, उमाशंकर सिंह, कुमार गौरव, शंभु कुमार, सतीश, जीवन कुमार महतो, प्रकाश कुमार, करमचंद महतो, दिलशाद अहमद, रजनीकांत, जलेश्वर महतो सहित अनेक डाक सेवक मौजूद थे।

## पतरातू डैम के एक फाटक का गेट खोला



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू क्षेत्र में लगातार भारी बारिश हो रही है। जिसके कारण नदी नालों और डेम में लबालब पानी भर गया है। जिसके कारण प्रसिद्ध पतरातू डैम में भी पानी खतरे के निशान को छू गया है। इसके बाद बुधवार को पतरातु डेम प्रबंधन ने सुबह 6:30 डेम का एक फाटक खोल दिया है। जिसके कारण निचले हिस्सों में खतरा बढ़ता जा रहा है। लोगों से नदी के तट से दूर रहने की सलाह दी गयी है। पतरातू क्षेत्र में कुछ दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है जिसका असर अब नदियों, नालो पिछले दो दिनों से डैम में लगातार पानी बढ़ने को लेकर प्रशासन की नजर थी। बीते 3 अक्टूबर को ही डेम खोले जाने की नोटिस जारी कर दी गयी थी। कभी भी डेम को खोले जाने की संभावना व्यक्त कर दी गयी थी। शेष परिसंपत्ति के पीटीपीएस के संपदा अधिकारी नवीन नयन ने जानकारी देते हुए बताया कि पतरातू डैम में 1328.5 आरएल जलस्तर पहुंचने के बाद डैम के एक फाटक को सुबह 6:30 बजे 3 इंच खोलकर पानी बाहर बहाया जाना आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि डेम में जैसे-जैसे जलस्तर बढ़ेगा वैसे अन्य गेटों को भी खोलने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होंने निचले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पानी से सावधान रहने का आगाह किया गया है।

## भाजपा सशक्तिकरण को लेकर हुई बैठक



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। भाजपा रामगढ़ ग्रामीण के कुंदरु कला शक्ति केंद्र और दोहाकातू पंचायत में बुथ सशक्तिकरण को लेकर एक अहम बैठक लिया गया इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राज सौरभ शेखर ने की और संचालन ग्रामीण महामंत्री ललन सिंह किये जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य और भाजपा रामगढ़ पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू और विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री सह प्रभारी वसुध तिवारी जी की गरिमामय उपस्थिति रही वही प्रवासी प्रभारी, कुंटू बाबू ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा की बुथ जीतो चुनाव जीतो पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रिड होते हैं हमें जमीनी स्तर पर उतरकर काम करना है और मोदी जी के 9 साल के कार्यों को लोगों तक पहुंचना है वहीं जिला मंत्री वसुध तिवारी जी कहे की हर हाल में इस बार हजारीबाग लोकसभा का सीट जीतकर मोदी जी को हाथों को मजबूत करने का काम करना है और फिर 2024 में भाजपा की सरकार बनाना है इस मौके पर मंडल के कार्यकर्ता गण उपाध्यक्ष तिलक ठाकुर, राजेश महतो, संजय कुमार, मंडल मंत्री रूपा कुमारी, मनोरंजन कुमार भारद्वाज, दिनेश राम, नरेश नायक, शक्ति केंद्र प्रभारी और बूथ अध्यक्ष, सेवा पदो महतो, राजेंद्र सिंह, भारत महतो, शंभू महतो, पुनीत कुमार ठाकुर, संतोष केसरी, तिलेश्वर महतो, गुड़िया देवी, जगदीश महतो, तिलेश्वर महतो, रंजीत कुमार, अनोज कुमार, शैलेंद्र गोप, अजीत गोप, फूलचंद महतो, विनोद कुमार महतो, गोवर्धन महतो, छोटेलाल कुमार, ओमप्रकाश प्रसाद, मिथिलेश कुमार और अन्य की उपस्थिति रही।

## पुलिस मेंस एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारी सार्जेंट मेजर से मुलाकात

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पुलिस मेंस एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने बुधवार को पुलिस लाइन जाकर सार्जेंट मेजर मंटू यादव से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने सार्जेंट मेजर को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर नये पदाधिकारियों ने सार्जेंट मेजर से पुलिस से संबंधित कार्यों में सहयोग की मांग की। सार्जेंट मेजर ने नयी टीम को जीत के लिये बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पुलिस मेंस एसोसिएशन को मजबूती दें। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में करण यादव, उपाध्यक्ष इंद्रदेव महतो, सचिव लवकुश मेहता, कोषाध्यक्ष रघु पासवान, संयुक्त मंत्री तपेश्वर साव, केंद्रीय सदस्य दिनेश सुमन मुख्य रूप से मौजूद थे।

## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के लोग आज एसडीओ और थाना प्रभारी से मिलेंगे



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति गुरुवार को अनुमंडल अधिकारी मो जावेद हुसैन, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो से मिलकर कॉलेज में उभरे विवाद से अवगत करायेंगे। समिति के लोगों का कहना है कि रामगढ़ महाविद्यालय में आये दिन कॉलेज की जमीन में रास्ता बना देना, कॉलेज में टेंपो स्टैंड बना देना जैसी समस्या विकराल रूप ले रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर दोनों अधिकारियों से मिलेंगे। साथ ही कालेज के अंदर किसी भी प्रकार के शांति व्यवस्था भंग न हो। इसपर चर्चा की जायेगी।

## घर से लैपटॉप चोरी होने पर थाने में शिकायत

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। घर से लैपटॉप चोरी हो जाने को लेकर बुधवार को छोटकी मुर्राम निवासी रिया बनर्जी ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। आवेदन में कहा है बुधवार की सुबह करीब 10:00 बजे मैं अपने पापा संजय बनर्जी के साथ ओरमांझी साईं यूनिवर्सिटी गयी थी और मां घर मे अकेली थी। जब मैं वापस घर आई तो देखा कि घर का मेन गेट खुला था। इसी बीच मेरे घर से किसी ने लैपटॉप चोरी कर लिया है। इधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बिजली करंट से महिला की मौत

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के औरु पंचायत के निमियांटाड़ गांव निवासी बंधु भारती की 45 वर्षीय पत्नी पनवा देवी की मौत बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को घर के बगल में मृतका पनवा देवी गाय चराने गयी थी। इसी दौरान बिजली प्रवाहित तार में फंस गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के पति मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ है। वह अपने पीछे तीन पुत्री और दो पुत्र को छोड़ गई है। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही गांव में मातम छाया हुआ है।

## ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान रोप कर किया आक्रोश प्रदर्शन



गिद्दी (आजाद सिपाही)। आज डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के ग्राम सेनेगडा और रोयांग के ग्रामीणों द्वारा मैन रोड पर धन रोपाई कर विरोध किया गया है। सेनेगडा के ग्रामीण मनिकलाल महतो और रंजीत महतो मिडिया से बात करते हुए कहा कि यह सडक ग्राम सेनेगडा और ग्राम रोयांग के मैन सडक छोटका चुंबा होते हुए मैन रोड से हिरक सडक पर जोडते है और इस सडक पर अंनिदिता स्टील प्लांट भी स्थित है जो 20-22 वर्षों से प्लांट चल रहा है और लाखों-करोड़ों रुपये का प्लांट मालिक को फायदा होता है, लेकिन यह मालिक अपना प्लांट तक भी एक अच्छा सडक भी नहीं बनाया है, जो प्रतिदिन 100-200 गाड़ी प्लांट में आता-जाता है। जिससे सड़क बहुत ही खराब हो गया है।जिसमें सडक में 5-7 स्थानों पर बहुत ही गड्ढा हो गया है, जिसमें लोगों को आना -जाना में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिससे लोगों में गुस्सा आया और आज मजबूर होकर 5-7 गड्ढों में धन रोपाई की गयी और ग्रामीणों ने कहा कि 2024 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले अगर यह सडक नहीं बना तो ग्राम सेनेगडा के लोगों ने सांसद या विधायक को सर्मथन नहीं करेंगे और गांव भी नहीं घुसने देंगे। इस मौके पर बिनोद महतो, मोहनलाल महतो, गुलचंद महतो, संतोष महतो, रोहित महतो, नितेश कुमार, संदीप मुंडा, संजय महतो, दीपक महतो, दीपचन्द महतो, राहुल महतो, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, आनंद, मिलन, कमल महतो, दिलेश्वर, दिलिप, प्रेमचंद महतो, दिनेश, रंजीत, संदीप कुमार और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# खाद्यान्न मांगने पर कार्डधारियों को डीलर के पति ने लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ाया

**थाना में डीलर के विरुद्ध दिया गया आवेदन**

**अगस्त और सितंबर की खाद्यान मांग रहे थे कार्डधारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



हंटरगंज / चतरा। जन वितरण प्रणाली के दूकानदारों की मनमानी से कार्डधारी काफी परेशान हैं। अब लोग प्रशासनिक व्यवस्था पर ही उंगली उठा रहे हैं। कार्डधारियों की शिकायत पर भी किसी प्रकार की जांच या कार्रवाई नहीं होने के कारण जनता जहां निराश हैं, वहीं डीलर बेखौफ हैं। हालांकि प्रखंड में एमओ द्वारा अपने स्तर से लाभूकों की समस्या पर ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन डीलर के विरुद्ध जिला से कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण डीलर का मनोबल आसमान चढा हुआ है। बुधवार को घटी एक घटना में गेंजना पंचायत के ढोलिया गांव में सोना स्वयं सहायता समूह के डीलर के पति रामबरत पासवान ने खाद्यान्न मांगने आये काडधारियों को लाठी लेकर दौड़ा दिया है। हालांकि बीच बचाव के कारण मारपीट नहीं हो पाया। कार्ड धारियों का आरोप है कि डीलर सोना देवी के पति रामबरत पासवान दो माह से खाद्यान्न नहीं दे रहा है। जुलाई का खाद्यान्न अगस्त में दिया। जबकि अगस्त का खाद्यान्न अंगूठा लगवा कर लौटा दिया। काफी हो हल्ला के बाद अगस्त का खाद्यान्न सितंबर महीने में 4 किलो के हिसाब से दिया। जबकि सितंबर का अनाज 4 अक्टूबर के पहले देने के लिए बोला था। परंतु जब खाद्यान्न लेने आये तो चावल का उठाव नहीं करने की बात बताया। मांग करने पर रामबरत पासवान आग बगुला हो गया और सरकार के द्वारा खाद्यान्न नहीं देने की बात बताया। जब कार्डधारी खाद्यान्न लिए बिना नहीं लौटने की बात पर अड़े तब रामबरत पासवान घर से लाठी निकालकर मारने के लिए दौड़ाया। जिसके बाद काफी हो हंगामा होने पर मामला शांत किया गया। खाद्यान्न नहीं दिये जाने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्डधारियों ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## अपनी जमीन ढूंढ़ने पुलिस लाइन पहुंची जिला परिषद की टीम

# सार्जेंट मेजर के साथ जिला परिषद की पूरी टीम ने की वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। जिला परिषद की पूरी टीम अचानक अपनी जमीन को ढूंढने में जुट गई है। बुधवार को यह टीम जैसे ही पुलिस लाइन में पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। क्वार्टर और बैरक में मौजूद सिपाही अचानक से इस बात से गुस्सा हो गए की महिलाओं पूरी फौज बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक से लाइन में घुस गई। जिला परिषद की टीम अपनी जमीन तलाश रही थी, लेकिन आधारभूत संरचना के अभाव में किसी तरह अपनी ड्यूटी करने के लिए तैनात सिपाही काफी अस्त-व्यस्त थे। महिलाओं को देख पुलिस लाइन में हर व्यक्ति सकपका गया। जिला परिषद की टीम के साथ डीडीसी भी मौजूद थे। वे लोग अपनी जमीन की भौतिक स्थिति की जांच कर रहे थे। अचानक उनकी इस पहल से पुलिस लाइन में मौजूद पदाधिकारी और सिपाहियों की भौंहें चढ़ गई थी। हालांकि बाद में जिला परिषद की टीम और सार्जेंट मेजर के बीच हुई बैठक के बाद पूरा मामला शांत हो गया। रामगढ़ शहर में जिला परिषद की जमीन कई स्थानों पर मौजूद है। उसकी जमीन पर वर्तमान में पुलिस लाइन भी संचालित हो रहा है। जिला परिषद की जमीन का पूरा निरीक्षण भी किया गया। इस संबंध में बताया गया कि रामगढ़ शहर में कई स्थानों पर जिला परिषद की जमीन मौजूद है। कुछ स्थानों पर इसका अतिक्रमण कर लिया गया है। कुछ स्थानों पर अभी भी सरकारी कार्यालयों का संचालन हो रहा है। उन सभी जमीनों का भौतिक सत्यापन करना था। साथ ही इस बात की जानकारी भी जुटाना थी कि वर्तमान में जमीन के क्या हालात हैं।

## भुरकुंडा में वन्यप्राणी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को हुरूमगढ़ा भुरकुंडा स्थित वन प्रक्षेत्र पतरातू में वन्यप्राणी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन क्षेत्र पदाधिकारी पतरातू एके चैधरी मौजूद थें। इस दौरान रेंजर एके चैधरी के नेतृत्व में बेंच मार्क पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा व अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरियाली कायम रखने की अपील की गयी। साथ ही जल संरक्षण करने का भी आहवान किया गया। मौके पर एके चैधरी ने पौधारोपण, जल संरक्षण व वन्यप्राणियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वन्यप्राणियों का संरक्षण करना हमसबों का दायित्व है। बताया गया कि उक्त कार्यक्रम 7 अक्टूबर तक चलेगा। मौके पर वनरक्षी अनिल कुमार, संतोष कुमार शर्मा, संतोष टोप्पो, उत्तम कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार, लगनू राम, शंकर राम, सुमिर टोप्पो, विशाल राम सहित बेंच मार्क पब्लिक स्कूल के दर्जनों छात्र-छात्राएं व आसपास के ग्रामीण मौजूद थें।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया ब्लड शुगर और बीपी जांच शिविर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में बुधवार को नि:शुल्क ब्लड शुगर और बीपी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सीय टीम द्वारा करीब 35 लोगों का ब्लड शुगर और बीपी जांच की गयी। साथ ही उचित परामर्श भी दिया गया। क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने बताया कि 5 अक्टूबर को पौधारोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं 6 को ए ला एंग्लाइज स्कूल में नि:शुल्क दंत जांच शिविर लगाया जायेगा। जबकि 7 को राज नर्सिंग होम में नवजात एवं गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन किया जायेगा। वहीं 8 अक्टूबर को आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्तपाल भुरकुंडा में मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में लायन अशोक सिन्हा, एमजेएफ राजेंद्र महतो, शिवा प्रसाद, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, विजयंत कुमार, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन का कार्यक्रम संपन्न

# जिसने भी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को छोड़ा है, उसका पतन हुआ हैः जोशी

आजाद सिपाही संवाददाता






रामगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन गनक मैरिज हॉल में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शन के लिए मुख्य रूप से राजस्थान के जोधपुर से वरीय प्रचारक नंदलाल जोशी शामिल हुए। इस दौरान जिले से लगभग 200 परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना आराध्या वशिष्ठ और रितिका वशिष्ठ ने किया, केदार सिंह देवाशीष बनर्जी के द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति, अनुष्का द्वारा राग दरबारी में राम भजन का प्रस्तुति, पुतुल कुमार सिंह द्वारा बांसुरी वादन और मनोज पाठक के द्वारा तबला वादन, प्राची झा के द्वारा गणेश वंदना और आलिया ने शिव तांडव की प्रस्तुति की।

**दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभः** अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर श्री जोशी ने कहा कि भारत समृद्धशाली इसलिए है क्योंकि भारत की आत्मा परिवारों में बसती है। राष्ट्र की एकात्मता का सूत्र भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। इस व्यवस्था के कारण ही यहां की सांस्कृतिक व्यवस्था अक्षुण्ण बनी हुई है। यही कारण है कि पूरा विश्व आज भारत की संस्कृति को अपनाता जा रहा है। पूरे विश्व में भारतीय लोग कहीं भी जाते हैं तो अपनी संस्कृति अपने साथ लेकर चलते हैं। जिसके कारण उन्हें हर जगह सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि जिसने भी अपनी संस्कृति अपने संस्कार छोड़ दिये उसका पतन निश्चित है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

इस दौरान मुख्य रूप से जिला संघ चालक शत्रुघन प्रसाद, प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख सकलदेव चौरसिया, नगरसंघचालक प्रवीण झा, ग्राम विकास अखिल भारतीय सदस्य सिद्धनाथ सिंह, पिंटू स्वर्णकार, रवि मिश्रा, चंदेश्वर प्रसाद, अनुराग, अभिषेक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जेएसपी की गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान में उत्पादन शुरू



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के छत्तीसगढ़ में स्थित गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान से सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू हो गया है। इस खदान से निकाला गया कोयला जेएसपी के रायगढ़ स्टील प्लांट में भेजा जा रहा है। बुधवार को प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान स्टील उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए जेएसपी की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी। रायगढ़ स्टील प्लांट की मौजूदा स्टील उत्पादन क्षमता 36 लाख टन प्रतिवर्ष (3.6 एमटीपीए) है, जिसे बढ़ाकर 96 लाख टन (9.6 एमटीपीए) करने का प्रस्ताव है। और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कच्चा माल सुलभ कराने में गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिंदल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा का कहना है, रायगढ़ स्टील प्लांट का प्रस्तावित विस्तार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। क्योंकि यहां स्वदेशी कोयले का उपयोग कर देश की स्टील उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाया जायेगा। हमारी प्राथमिकता आंतरिक संसाधनों से ही रायगढ़ प्लांट का विस्तार करना है ताकि हमारी बैलेंस शीट मजबूत बनी रहे।

## गोला और बरलंगा पुलिस ने कोयला लदे बाइक को किया जब्त

गोला (आजाद सिपाही)। गोला और बरलंगा पुलिस ने अवैध कोयला रोकथाम के लिए बुधवार को अलग अलग जगह में छापामारी कर गोला से दो और बरलंगा से तीन बाइक को अवैध कोयला के साथ जब्त किया है। वही गोला पुलिस ने दो व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रजरप्पा के बंद खदानों से बाइक के माध्यम से बंगाल भेजा जाता है। इसके बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने त्वरित कार्रवाई किया।

# बदल जायेंगे

जाति आधारित गणना के नतीजे जारी कर बिहार ने देश की राजनीति को फिर एक घुमावदार मोड़ दे दिया है। चाहे सत्तर के दशक में आपातकाल के खिलाफ जेपी आंदोलन हो या नब्बे के दशक में शुरू हुई मंडल राजनीति- बिहार ने दोनों मौकों पर बदलाव की अगुआई की थी। अब जब पिछले करीब एक दशक से देश में कथित सेकुलर राजनीति को विस्थापित करती हुई राष्ट्रवादी राजनीति हावी दिख रही थी, जाति आधारित गणना के नतीजों के रूप में बिहार ने ऐसा धमाका किया है, जिसके अंदर चुनावी राजनीति के समीकरण बदलने का माद्दा है। खैर, अभी तो सब इसी गणना में लगे हैं कि अगर पिछड़े और अति पिछड़े मिलकर राज्य की आबादी का दो तिहाई हो जाते हैं तो फिर इसकी काट के तौर पर दूसरा कौन सा समीकरण पेश किया जा सकता है। चूंकि बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है, तो अब केंद्र की बीजेपी सरकार का यह तर्क निरर्थक हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करना व्यावहारिक रूप में संभव नहीं है। अब हर तरफ से यही सवाल उठेगा कि जब एक राज्य में संभव हो गया तो दूसरे राज्यों में और राष्ट्रीय स्तर पर भी यह काम क्यों नहीं हो सकता। चूंकि इस सवाल का कोई संतोषजनक जवाब उपलब्ध नहीं है, इसलिए बीजेपी नेताओं का भी मुख्य स्वर यही हो गया है कि वे जाति आधारित गणना के खिलाफ नहीं हैं और बिहार सरकार के फैसले में भी शुरू से शामिल रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जातिगत जनगणना के मसले पर पॉजिटिव रुख दिखाकर बीजेपी क्या आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के मुकाबले बढ़त बना पाएगी? अक्सर ऐसा होता है कि जिस मुद्दे पर जिसने शरुआत की, उसे उसका लाभ भी तुलनात्मक रूप से अधिक होता है। जाति जनगणना के मामले में यह काम जेडीयू और आरजेडी ने किया है, जो बीजेपी के खिलाफ बने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन इसके साथ यह भी याद रखना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसे में किसी भी चुनाव में मोदी फैक्टर की अनदेखी नहीं की जा सकती। दूसरी ओर, यह सवाल भी बना हुआ है कि क्या यह मुद्दा चुनाव तक प्रासंगिक बना रहेगा! राजनीति में तो एक सप्ताह का वक्त भी लंबा माना जाता है, ऐसे में 6 महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव तक बहुत कुछ बदलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरी बात यह कि 2023 का भारत नब्बे के दशक के भारत से अलग है। जाति आज भी महत्वपूर्ण है, लेकिन वह हमारी आजीविका, सोच और खासकर वोटिंग बिहेवियर को उस तरह से प्रभावित नहीं करती, जैसे नब्बे के दशक में करती थी। इसलिए देखना होगा कि यह मुद्दा लोगों तक किस रूप में पहुंचता है, राजनीतिक दल खुद को इसके लिए किस तरह से तैयार करते हैं और जातीय गणित से आगे इसकी केमिस्ट्री किस तरह से विकसित होती है।

**बिहार में जाति आधारित जनगणना के नतीजे जारी हो चुके हैं। इन नतीजों के सामने आने के बाद देशभर की राजनीति के समीकरण बदलने वाले हैं। केंद्र की बीजेपी सरकार पर दवाब है कि वो अब ऐसा क्या करे, जिससे चुनावी हवा बदलने से पहले संभाल लिया जाए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए है। देश में आशावाद और सकारात्मकता का माहौल है, लोग जी20, चंद्रयान और अर्थव्यवस्था की सफलता का उत्सव मना रहे हैं, 2024 में एक बड़ी जीत के लिए आश्वस्त दिखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त करने की ठानी है तो यह समय आम मतदाता के जागरूक एवं सतर्क होने का भी है।**

# राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था से भ्रष्टाचार की सफाई करने में जुटे हैं मोदी



ललित गर्ग

देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिज्ञों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

**देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान**

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी हैं। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं।

मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए हैं। देश में आशावाद और सकारात्मकता का माहौल है, लोग जी20, चंद्रयान और अर्थव्यवस्था की सफलता का उत्सव मना रहे हैं, 2024 में एक बड़ी जीत के लिए आश्वस्त दिखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त करने की ठानी है तो यह समय आम मतदाता के जागरूक एवं सतर्क होने का भी है। राजनीति में सुधार चाहने वालों के लिए यह घर बैठने का समय नहीं है। राजनीति में नैतिकता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चुनाव सुधारों की कोरी बातें ही नहीं बल्कि उन पर अमल लाने की भी जरूरत है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी राजनीतिक पार्टियों की है कि वे ठोक-बजाकर उम्मीदवारों का चयन करें। चिंता इस बात की है कि जनता ही दागियों को वोट देकर सत्ता में लाती है। इसलिए प्रमुखतः राजनीति में स्वच्छता के लिए कदम उसे भी बढ़ाने होंगे। वर्ना मोदी का करिश्मा एवं जादू तो अपना असर दिखायेगा ही, क्योंकि उनके पास सत्य एवं नैतिकता का बल है। मोदी ने ही देश पर लगे गरीब होने के दंश को हटाने की सार्थक पहल की है, उन्हीं के शब्दों में लंबे वक्त तक, भारत की पहचान एक अरब से अधिक भूखे पेटों वाले देश के रूप में रही है, लेकिन अब, भारत को एक अरब से अधिक उम्मीदों से भरे दिमाग, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवाओं के देश के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी स्थितियों में मोदी के नाम पर मांगे जा रहे वोट उन्हें ऐतिहासिक जीत दे तो कोई आश्चर्य नहीं है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)**



**नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं।**

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर पुलिस की पहल, पुलिस ने साकची गोलचक्कर से पत्ता मार्केट तक चलाया अभियान

# ऑटो चालक और फुटपाथ पर दुकान लगानेवालों को दी नसीहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के सड़कों पर लगने वाले जाम व आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं देखते हुए जमशेदपुर पुलिस ने पहल शुरू कर दी। बुधवार को एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर एएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत में पुलिस टीम ने साकची गोलचक्कर से पत्ता मार्किट तक सड़क जाम की स्थिति को देखते हुए कार्रवाइ की गयी। मौके पर साकची गोलचक्कर के पास नो पार्किंग मैं खड़ी ऑटो चालकों को नसीहत देते हुए छोड़ा गया। वही पत्ता मार्केट के पास से सड़क को खाली कराया गया। ताकि सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो और आने जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। वही नोपार्किंग में गाड़ी खड़ी करने वाले लोगो को नसीहत देते हुए दोबारा पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। इस अवसर पर एएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया लगातार सूचना मिल रही थी साकची गोल चक्कर के पास ऑटो वाले, ठेला वाले और पत्ता मार्केट के पास जहां पूर्व में उपायुक्त के द्वारा सड़क से अतिक्रमण हटाया गया था वहा पुनः फुटपात पर दुकान लगने से सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आने जाने वाले लोगों की परेशानी को देखते हुए फिलहाल कार्रवाई करते हुए सभी को नसीहत देकर छोड़ा गया। उन्होंने कहा ऑटो चालकों के लिए पार्किंग होने के बावजूद सड़क पर ऑटो लगाते हैं। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। अगर उसके बाद भी लोग नही माने तो आगे विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संबलपुर मंडल में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सतर्कता जागरूकता फैलाने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, संबलपुर के सभा कक्ष में एक सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व तट रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजीनियरिंग) प्रीतिराज पाणिग्रही ने सेवा रिकॉर्ड, संविदात्मक कार्य, स्टोर से संबंधित मामले, स्थापना से संबंधित मामले, वाणिज्य और यातायात से संबंधित मुद्दों के अनुचित रखरखाव में सामान्य त्रुटियों पर सतर्कता जागरूकता पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (एस एंड टी), समीर महापात्र और एवीओ (पी) ए. रामा राव ने भी एक पावर प्वाइंट प्रस्तुत किया और सतर्कता मुद्दों के ज्ञान को समृद्ध करने के लिए चर्चा की। इस अवसर पर आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने रेलवे अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को सतर्कता और डी एंड ए नियमों के बारे में अपने संदेह दूर करने की सलाह दी और कहा कि इस प्रकार के सेमिनार से हमें मदद मिलेगी। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के सभी अधिकारी और पर्यवेक्षक शामिल थे।

# बालेश्वर और हल्दीपाड़ा रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रेन लाइन पर बैंक स्लिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** लगातार बारिश के कारण बालेश्वर और हल्दीपाड़ा रेलवे स्टेशनों के बीच बैंक स्लिप के कारण और शीघ्र बहाली के लिए संबंधित रखरखाव कार्य को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित ट्रेन सेवाओं को निम्नलिखित के अनुसार विनियमित किया गया है।

**ट्रेनों का रद्दीकरण:** 1. 08032/08031 भद्रक-बालेश्वर-भद्रक मेमू स्पेशल 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **2.** 08064 भद्रक-खड़गपुर मेमू स्पेशल 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **3.** 08063 खड़गपुर- भद्रक स्पेशल 05.10.2023 को रद्द रहेगी। **4.** 18037 खड़गपुर-जाजपुर क्योंझर रोड एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **5.** 18038 जाजपुर क्योंझर रोड- खड़गपुर एक्सप्रेस 05.10.2023 को रद्द रहेगी। 6. 18043 हावड़ा-भद्रक एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **7.** 18044 भद्रक-हावड़ा एक्सप्रेस 05.10.2023 को रद्द रहेगी। **8.** 12277 हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **9.** 12278 पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 05.10.2023 को रद्द रहेगी। **10.** 18409 शालीमार-पुरी श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **11.** 18410 पुरी-शालीमार श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **12.** 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **13.** 22831 हावड़ा-श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **14.** 22835 शालीमार-पुरी एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **15.** 18022 खुर्दा रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **16.** 12892 पुरी-बांगरीपोसी एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **17.** 20831 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी। **18.** 12837 हावड़ा-पुरी एक्सप्रेस 04.10.2023 को रद्द रहेगी।

## ट्रेनों का अल्प समापन और प्रारंभ

1. 18038 जाजपुर क्योंझर रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस, 04.10.2023 को शुरू होने वाली यात्रा बालेश्वर में समाप्त की जायेगी। 2. 08063 खड़गपुर-भद्रक मेमू स्पेशल, 04.10.2023 को शुरू होने वाली यात्रा रूपसा में समाप्त होगी। 3. 08416 पुरी-जलेश्वर मेमू स्पेशल, 04.10.2023 को शुरू होने वाली यात्रा भद्रक में समाप्त की जायेगी। 4. 08415 जलेश्वर-पुरी मेमू स्पेशल, 04.10.2023 को शुरू होने वाली यात्रा भद्रक से शुरू होगी।

## ट्रेन का मार्ग परिवर्तन:

1. 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, 04.10.2023 को शुरू होने वाली यात्रा संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आईबी स्टेशनों के माध्यम से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।

# विधायक ने पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी के साथ जर्जर सड़क का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**ग्रामीणों ने विधायक के प्रति जताया आभार**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में जर्जर सड़क मरम्मत के लिए विधायक संजीव सरदार ने पहल शुरू कर दी। बातया जा रहा है पोटका के पालीडिह गांव के पास से सड़क काफी जर्जर हो चूका हैं। सड़को पर बड़े -बड़े गड्ढे होने से वारिस के दौरान जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ट्रैक व अन्य वाहन पलटने की कगार में रहता है।संज्ञान में आते ही बुधवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप व झामुमो कार्यकर्ताओ के साथ रसूनचोपा पहुंच कर निरक्षण किया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने पथ निर्माण विभाग के साथ बाइक में क्षेत्र का भ्रमण किया। साथ ही पैदल चल कर एनएच 220 का बदहाल व जज्जर स्थिति को दिखाते हुए अवगत करवाया। मौके पर विधायक सरदार ने कहा खराब जर्जर सड़को के मामले में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को ट्विट के माध्यम से भी जानकारी दी गयी। उड़ीसा से झारखंड आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने कहा पथ निर्माण विभाग ने आश्वासन देते हुए दुर्गा पूजा मरम्मत करने की बात कही थी। ताकि लोगों को आने-जाने में दिक्कत ना हो। वही मौके पर मौजुत विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप ने कहा सड़क का निरीक्षण किया गया। सड़क काफी जज्जर व खराब हो चुकी है।

गुरुवार से सड़क की मरम्मती का काम शुरूआत किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त की।

### पहल : एसपी ने महिला पेट्रोलिंग टीम को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# महिला अपराध पर नकेल कसने में होगी सहूलियत सभी थानों को मिलेगी सुविधा : डॉ विमल कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में महिला सुरक्षा व महिलाओं पर लगातार बढ़ते अपराध को देखते हुए एसपी डॉ विमल कुमार ने एक नयी पहल की शुरूआत की। बुधवार को जिले के आदित्यपुर थाने से महिला शक्ति पेट्रोलिंग टीम का शुभारंभ किया गया है। एसपी डॉक्टर विमल ने पेट्रोलिंग टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर एसपी ने बताया फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरूआत की गयी है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9798302490 जारी किया गया। कहीं भी महिला उत्पीड़न से संबंधित कोई शिकायत मिलने पर टीम त्वरित कार्रवाई करेगी। इस अभियान का सफल होने पर जिले के सभी थानों में लागू किया जायेगा। फिलहाल यह टीम आदित्यपुर, गम्हरिया, आरआईटी और कांड्रा में काम करेगी। इसमें आठ अधिकारी व कांस्टेबल की तैनाती की गयी है। टीम सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक कर्यरत रहेगी। मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### छठ घाट से युवक का शव बरामद होने पर परिजनों ने किया सड़क जाम



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के सहजिना मोहल्ला निवासी मनोज राम 30 वर्ष का शव सहिजना स्थित छठ घाट से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को बरामद का पोस्टर्मास्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक अक्टूबर की शाम में घर से शौच करने के लिए गया था लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद वह घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने काफी खोजबीन की। जिसके बाद उसके परिजनों ने गढ़वा थाना में आवेदन दिया। तीन दिन बीत जाने के बाद बुधवार की सुबह नदी में नहाने एक युवक गया था। नहाने के दौरान उस युवक की नजर शव पर पड़ी। उसके बाद उक्त युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद नदी के पास लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इधर मृतक के स्वजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आक्रोशित होकर गढ़वा थाना के सामने लगभग आधा घंटा सड़क जाम कर दिया। मृतक के स्वजनों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व बगल के पड़ोसी से हल्की नोकझोंक हुई थी। आशंका है कि उक्त व्यक्ति द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नियत से नदी में फेंक दिया गया होगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी केके साहू ने दलबल के साथ पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बूझाकर 24 घंटा के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ।

### पंडी नदी में आयी बाढ़ से ध्वस्त मुख्य सड़क की समाजसेवी विकास दुबे ने मरम्मत करायी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भीलमा गांव के टोला पखनाहा तथा ग्राम शिवरी के सिवान स्थित मुख्य सड़क लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण पंडी नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिससे दोनों गांव का आवागमन प्रखंड मुख्यालय से कट गया था। आवागमन बिल्कुल बाधित था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना शासन एवं प्रशासन से की, परंतु किसी के द्वारा पहल नहीं की गयी। बाध्य होकर ग्रामीणों ने युवा समाजसेवी सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी विकास दुबे को आग्रह कर क्षतिग्रस्त पुलिया को मरम्मत कराने की मांग की। जिस पर समाजसेवी विकास दुबे ने अपने निजी खर्च से बुधवार को ध्वस्त सड़क की मरम्मत कराते हुए यातायात सुविधा को बहाल कराया। जिस पर गांव के ग्रामीणों ने खुशियों का इजहार करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। धन्यवाद देने वालों में ग्रामीण श्रवण चौहान, अनिल चौहान, विनोद चौहान, मैनुद्दीन अंसारी, पिंटू मिस्त्री, सितारुद्दीन अंसारी, विनोद सिंह, बबलू मेहता, सत्येंद्र मेहता, जुमराती अंसारी, शिवकुमार मेहता, रघुनाथ पाल, सादिक अंसारी, अखलेश बैठा के अलावे अन्य कई ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर होटल में घुसा, संचालिका घायल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव स्थित स्कूल के समीप एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मंगलवार की शाम एक होटल में जा घुसा। ट्रैक्टर के टक्कर से होटल संचालिका कांति देवी 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि लमारी खुर्द गांव का ट्रैक्टर दक्षिण दिशा की ओर से उत्तर की ओर जा रहा था इसी दौरान अनियंत्रित होकर होटल में घुस गया। ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ चालक वहां से फरार हो गया। कांडी पुलिस ने एक निजी वाहन से घायल को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा है जबकि ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गयी।

### भवनाथपुर में बारिश से घर ध्वस्त

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीते तीन दिनों से क्षेत्र में हो रही बारिश से भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र के अरसली उत्तरी निवासी जयमूर्ति कुंअर का घर ध्वस्त हो गया। घर ध्वस्त होने से विधवा महिला बेघर हो गयी, मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी ने जयमूर्ति कुंवर को यथासंभव सहयोग देने का भरोसा दिया है। खबर के अनुसार मंगलवार की रात अरसली दुर्गा मंदिर के पीछे रहने वाली जयमूर्ति कुंवर पति स्व. विश्वनाथ कुंवर का घर ध्वस्त हो गया। घर ध्वस्त होने से घर में रखे राशन सहित अन्य सामान बारिश की भेंट चढ़ गया। सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी मौके पर पंहुच पीड़ित को फिलहाल राशन उपलब्ध कराया एवं यथासंभव अन्य सहयोग देने की बात बताते हुए बाबा आवास देने की बात कही।

### लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन ने डेंगू बीमारी से बचाव से संबंधित परचा किया वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा लायन सेवा सप्ताह के तहत डेंगू बीमारी से बचाव से संबंधित परचा का वितरण छठ घाट स्थित सब्जी मंडी में किया गया और बचाव की जानकारी भी लोगों को दी गई। कार्यक्रम के चेयरमैन लायन डॉ कुमार निशांत सिंह और लायन अमित केशरी थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय सोनी, पूर्व जोन चेयरमैन हर्ष अग्रवाल, विनय कश्यप, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, जय शंकर ब्रेजियर, संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा की तैयारी पूरी, भाजपा नेताओं ने कहा

# ऐतिहासिक होगा बाबूलाल मरांडी का गढ़वा कार्यक्रम

**प्रदेश अध्यक्ष का 5 अक्टूबर को गढ़वा होते हुए बंशीधर नगर जाने के क्रम होगा भव्य स्वागत : ओम प्रकाश खेसरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की चेतना में आयोजित कार्यक्रम की सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीब 20 हजार लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा के गढ़वा जिला प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह, ओमप्रकाश केसरी, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने दी।

जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा चल रहा है पिछले दिनों पलामू में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। काफी बारिश होने के बाद भी लोग प्रदेश अध्यक्ष की बातों को सुने और राज्य की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 5 अक्टूबर को गढ़वा होते हुए बंशीधर नगर जाएंगे। उसके पूर्व फर्थिया मोड़ पर चिरौंजिया मोड़ पर, मेराल, रमना में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जतपुरा में आयोजित यज्ञ स्थल पर जाएंगे। वहां से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।

बंशीधर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे, जहां 11:00 बजे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुख्य समारोह में संबोधन होगा। उसके बाद पुनः चेतना पहुंचकर 3 बजे कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गढ़वा में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में करीब 20 हजार लोग शामिल होंगे। लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में जिस प्रकार से लूट मची हुई है, आम लोग परेशान हैं। लोगों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष रखने के लिए उक्त समस्याओं से रूबरू कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से जिस तरह से भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है इसको लेकर लोग संकल्प के साथ झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी, बबलू पटवा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## 48 घंटे से थाना में अवैध बालू लदे जब्त ट्रैक्टर पर नहीं की गयी कानूनी कार्रवाई

**पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियाओं का बढ़ गया है मनोबल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**विशुनपुरा।** अवैध बालू लदा जब्त ट्रैक्टर 48 घंटे से थाना में रख कर कानूनी कारवाई नहीं की गई। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर परिवहन करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ गया है।

अवैध बालू उठाव को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक के बाद भी 48 घंटे पूर्व थाना में जब्त बालू लदा एक ट्रैक्टर पर अंचलाधिकारी ने खनन विभाग गढ़वा को सिर्फ पत्राचार किया है। बालू माफियाओं की उंची पहुंच होने कारण कानूनी कार्रवाई नहीं होने पर लोगों में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**क्या था मामला :** पिछले शनिवार रात्रि निरीक्षण के दौरान निकले बंशीधर नगर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बंशीधर नगर-विशुनपुरा मार्ग पर चितरी गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर विशुनपुरा थाना को सुपुर्द किया था। जिसको लेकर अंचलाधिकारी को ट्रैक्टर पर कानूनी कार्रवाई के लिए सूचित किया गया था। लेकिन 48 घंटा पूर्व थाना में जब्त अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

मालूम हो कि अंचलाधिकारी ने पांच महीने पूर्व पिपरी कला बाकी नदी बालू घाट से सात ट्रैक्टर को पकड़कर थाना को सुपुर्द किया था। जबकि पिपरीकला बालू घाट वैध एवं पंचायत द्वारा निर्गत चालान होने के बावजूद भी सात ट्रैक्टरों पर अवैध बालू खनिज की चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

विदित हो कि एनजीटी के द्वारा झारखंड में बालू उत्खनन को लेकर रोक लगाई गई है। जिसके बाद अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने के लिए उपायुक्त के द्वारा एक टीम गठित की गयी थी। जिसके बाद अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर अंचलाधिकारी को कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्देश के बाद भी उक्त ट्रैक्टर पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी।

वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी निधि रजवार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना में अवैध बालू लदा जब्त ट्रैक्टर पर खनन विभाग को पत्राचार किया गया है।

## नदी में नहाने गये युवकों के गहरे पानी में डूबने से एक की मौत, एक

**सीआरपीएफ 172 बटालियन के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक की बचायी जान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के कल्याणपुर स्थित 172 बटालियन सीआरपीएफ कैंप के पास दानरो नदी पुल के नीचे नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को सीआरपीएफ की तत्परता से बचाया गया। मृतक बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुई गांव निवासी मनोज ऊर्फ सत्य प्रकाश भारद्वाज का पुत्र श्रेयांश भारद्वाज 15 वर्ष बताया गया है। जबकि इस घटना में घायल कांडी थाना क्षेत्र के राजीव चौबे का पुत्र राज चौबे 15 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि श्रेयांश और राज दोनों दोस्त थे। राज अपनी स्कूटी से श्रेयांश को लेने उसके घर पहुंचा। जिसके बाद एक स्कूटी पर सवार होकर अपने घर से दोनो दानरो नदी स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास नदी में नहाने उतरे थे। इस बीच नदी में इतनी गहराई थी। दोनों में से किसी को मालूम भी नहीं था। देखते-देखते श्रेयांश का पैर फिसला और गहराई में डूबने लगा। उसे डूबता देख राज ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी गहरे पानी में फंस चुका था। आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाए जाने के बाद सीआरपीएफ ने तत्काल अपनी पूरी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों का रेस्क्यू किया और सीआरपीएफ के एंबुलेंस से लाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने श्रेयांश भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में राज चौबे गंभीर रूप से घायल है। घायल के परिजनों ने राज चौबे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इससे पूर्व की घटना में भी सीआरपीएफ के सजगता से दो लोगों की जान बची थी।

सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा के द्वारा पिछले वर्ष भी नदी में गाड़ी धोने के क्रम में दो गाड़ी समेत दो लोग पानी के बहाव में फंस चुके थे, जिन्हें सीआरपीएफ जवानों बचायी थी। इसी तरह की घटना बुधवार को घटी जहां दो दोस्त अपने घर से नदी में नहाने पहुंचे थे। नदी में गहराई थी। यह बात दोनों में से किन्हीं को मालूम तक नहीं थी। देखते ही देखते श्रेयांश भारद्वाज गहराई में डूबने लगा। डूबता देख राज चौबे उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी गहरा पानी में फंस गया। शोर शराबा सुनकर सीआरपीएफ 172 बटालियन के जीडी दिलदार उरांव, जीडी जहीरूद्दीन अंसारी अपनी जान की परवाह किए बगैर दोनों को डूबता देख नदी में उतर गया। जहां काफी मशक्कत के बाद दोनों को निकाल कर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन एक युवक मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू टीम में सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, उप कमांडेंट यू आर रामेश्वरम, जीडी संजय सिंह, जीडी कौशल किशोर, मेजर प्रदीप कुमार सिंह, जीडी मोहम्मद इलियास सहित सीआरपीएफ के टीम शामिल थे।

## डॉ एमके सिंह होंगे बाबू दिनेश सिंह विवि के प्रथम कुलपति

**प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह की नियुक्ति अगले तीन वर्षो तथा सेवा विस्तार के साथ अतिरिक्त दो वर्षो तक के लिए की गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के प्रथम कुलपति के पद पर प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह की नियुक्ति अगले तीन वर्षों तथा सेवा विस्तार के साथ अतिरिक्त दो वर्षों तक के लिए की गयी है। महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा उच्च तकनिकी शिक्षा, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत आदेशों के अलोक में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के कुलाधिपति के पद पर दिनेश प्रसाद सिंह, अध्यक्ष, वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की नियुक्ति पूर्व में की गयी थी।

कुलपति की नियुक्ति नियमानुसार सर्च समिति गठित कर दिनांक 01-10-2023 को आयोजित साक्षात्कार में सम्मिलित उम्मीदवारों में से समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुसंशित व समर्पित तीन नामों के पैनल से मेधा सूची के आधार पर कुलाधिपति, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर (डॉ०) एमके सिंह को अगले तीन वर्षों तथा सेवा विस्तार के साथ अतिरिक्त दो वर्षों तक के लिए इस विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया है। तदनुसार इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारी, झारखंड सरकार तथा भारत सरकार को विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या 34 दिनांक 03.10.2023 द्वारा कर दी गयी।

अधिसूचना के अनुसार पद ग्रहण करने की तिथि से कार्य का संपादन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एक्ट, 2023 के अनुसार कुलाधिपति के निर्देशानुसार करते रहेंगे। प्रोफेसर (डॉ) ऐम० के० सिंह को वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी संस्थानों तथा इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कोर्सो के संचालन का दायित्व दिया गया है तथा वे झारखंड सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा भारत सरकार से संबंधित निर्देशों के आलोक में उनके अधिसूचना की अविधि तक कार्य का संपादन करते रहेंगे।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति के पश्चात सभी कोर्सों का संचालन तत्काल प्रभाव से करते रहेंगे।

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस इकाई ने स्वच्छता कार्यक्रम का किया आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में संचालित एन.एस.एस. इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 3.10.2023 एवं 4.10.2023 को पूरे विश्वविद्यालय परिसर में बी.एड. प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में प्रशिक्षुओं ने साफ-सफाई अभियान चलाया तथा महाविद्यालय परिसर में अपने आस पास के परिवेश में सदैव स्वच्छता लाने के लिए शपथ ली गयी, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने साफ सफाई करते हुए प्रशिक्षुओं को स्वच्छता लाने के लिए जागरूक किया तथा अपने आस - पास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, अशोक कुमार यादव, आनंद कुमार चौबे, अभिमन्यु शुक्ला, अरविंद तिवारी, जनार्दन आदि उपस्थित रहे। शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे, बी.एन. सिंह उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक पदाधिकारी शशिकांत सिंह यादव के द्वारा किया गया।

### लायंस क्लब गढ़वा विशाल ने सदर अस्पताल में सैकड़ों मरीजों के बीच किया फल वितरित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा क्लब अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार के मार्गदर्शन पर लायंस विशाल के पदाधिकारी सह गढ़वा जिले के तीन रिटायर्ड सिविल सर्जन की अध्यक्षता में सदर अस्पताल गढ़वा में सैकड़ों मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। वहीं फल वितरण करते देख बहुत सारे मरीजों ने जब तीन तीन पुर्व सिविल सर्जन को देखा तो उनके चेहरे खिल गए और बहुत मरीजों ने अपनी बिमारी से संबंधित बातें पुछा और मार्गदर्शन लिया, मरीजों का भाव और अपनापन देखकर तीनों पुर्व सिविल सर्जन ला० डॉ आर एस दिवाकर, ला० डॉ एनके रजक, ला० डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह बहुत प्रसन्न हुए और एक एक बेड पर जाकर मरीजों को फल वितरण किए और उनकी तबियत और बिमारी की जानकारी ली उसमे से बहुत लोगों को उचित इलाज और मार्गदर्शन भी दिये, आज के फल वितरण कार्यक्रम में सदर अस्पताल के पदाधिकारी के रूप में शामिल थे डॉ टी पयुष, लायंस विशाल से थे रघुवीर प्रसाद कश्यप, नन्दलाल प्रसाद गुप्ता, पीआरओ शौकत खान समेत सदर अस्पताल के नर्स एवं कर्मचारियों ने भी सराहनीय योगदान दिया!!

**बैठक :** झामुमो महिला मोर्चा रंका प्रखंड कमेटी का गठन , पूर्व मुखिया मालती देवी बनीं अध्यक्ष

# किसी भी पार्टी संगठन की मजबूती में महिलाओं का अहम योगदान : रेखा चौबे

**सचिव प्रियंका तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा देवी, उपाध्यक्ष बसंती देवी, सूचिता देवी, गंगाजली देवी, कौशल्या देवी व प्रतिमा देवी बनायी गयीं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कार्यालय में बुधवार को झामुमो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे की अध्यक्षता में झामुमो महिला मोर्चा रंका प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया मालती देवी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव प्रियंका तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा देवी, उपाध्यक्ष बसंती देवी, सूचिता देवी, गंगाजली देवी, कौशल्या देवी एवं प्रतिमा देवी को बनाया गया तथा अन्य महिलाओं को सदस्य बनाया गया है।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि किसी भी पार्टी संगठन की मजबूती में महिलाओं का अहम योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर हो या संगठन उसको आगे ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

मौके पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि आज सभी महिला नेत्री एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में महिला मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है।

मौके पर मेराल प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, बरवाडीह पंचायत की मुखिया पम्मी देवी, गीता देवी, दुलारी देवी, प्रतिमा देवी, मुन्नी देवी, प्रभा देवी, रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक सोनी, खरडीहा पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, विकास यादव, ललित तिवारी, मीरा देवी, सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने संस्कार वैली स्कूल में किया डेंटल अवेयरनेस कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** विश्व लायन सेवा सप्ताह के तीसरे दिन संस्कार वैली स्कूल चिरौंजिया मोड़ गढ़वा में डेंटल अवेयरनेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गढ़वा के जाने-माने दंत चिकित्सक लायन अशोक कुमार ने बच्चों को दांतों की सफाई के तरीके, टॉफी खाने से होने वाले नुकसान, दांत को सुरक्षित रखने में नमक और गर्म पानी की भूमिका, ब्रश करने की विधि के साथ ही साथ कई तरह के टिप्स बताए। साथ-साथ उन्होंने बताया कि कभी भी रात में दूध पीने के बाद बिना कुल्ला किए नहीं सोना चाहिए। दांतों में अन्न के टुकड़े फंसे रहने अथवा मीठे पदार्थ फंसे रहने के कारण कीटाणु पनपते हैं और दातों को कमजोर करते हैं अतः हमें रात्रि में अवश्य ही मुंह साफ करना चाहिए। खैनी, तंबाकू, गुटखा एवं पान खाने की आदत से भी दांतों को काफी नुकसान होता है। साथ ही साथ बच्चों को ब्रश और पेस्ट वितरित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के अध्यक्ष सुशील केसरी, रामनारायण प्रसाद, सेक्रेटरी संजय कुमार, उमाशंकर श्रीवास्तव और विद्यालय के निदेशक आकाश आनंद, वंदना कुमारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित थे। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के अध्यक्ष सुशील केशरी ने बताया कि इस कैंप को करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपने दांतों को आजीवंत स्वस्थ और सुरक्षित रखने के उपाय बताना है।

### जिलेवासियों ने जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की शहादत को सलाम किया

# नक्सलवाद के खिलाफ बहुत हद तक जीती जा चुकी है लड़ाई : एसपी





**उग्रवादियों से संघर्ष करते हुए अजय सिंह ने दी थी अपने प्राणों की आहूति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** चार अक्तूबर 2000 को लोहरदगा के पेशरार में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद जिले के जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह को लोहरदगा वासियों ने नमन किया। शहीद पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। शहर के बरवाटोली स्थित अजय उद्यान में जिलेवासियों ने शहीद एसपी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों और जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी के बाद तमाम लोगों ने पुष्प अर्पित किया। चार अक्टूबर 2000 को लोहरदगा के तत्कालीन एसपी अजय कुमार सिंह नक्सलियों से लोहा लेते हुए पेशरार में शहीद हो गये थे। जाबांज, मिलनसार और मृदुभाषी शहीद एसपी अजय कुमार सिंह आज भी लोहरदगा जिलावासियों के दिलों में बसे हुए हैं। सबने अजय उद्यान में स्थापित शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि यह अजय उद्यान शहीद अजय कुमार सिंह की यादगार में समर्पित है। आज हम उनकी स्मृति को नमन करते हैं। उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता को याद करते हैं। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि शहीद एसपी अजय सिंह के बलिदान को सार्थक करने के लिए पुलिस ने जो संकल्प लिया था, उसमें सफल रही है। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत हद तक जीती जा चुकी है। यह लोहरदगा के लोगों की जीत है। आने वाले दिनों में अजय उद्यान पार्क की सुंदरता और भी ज्यादा बढ़ जायेगा। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां, डीडीसी जयज्योति सामंता, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, रामाश्रय प्रसाद सिंह, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल, रैफ उप कमांडेंट गौतम मित्रा, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, सभी प्रंखडों के थाना प्रभारी, जिले के प्रबुद्धगण समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बिहार के पहले आइपीएस थे जो वर्दी में शहीद हुए

4 अक्टूबर 2000 को माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर नाम के आतंकवादी ग्रुप ने लोहरदग्गा के पेशरार गांव में अजय को गोली मार दी थी। 1995 बैच के आईपीएस अजय अपने बेखौफ तेवरों के लिए मशहूर थे और वह बिहार के पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी थे, जो वर्दी में नक्सलवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए।

## अजय सिंह की याद में बना अजय उद्यान ट्रस्ट

लोहरदगा। शहीद अजय कुमार सिंह की याद में लोहरदगा जिला प्रशासन और उत्साही नागरिकों के सहयोग से 23 सितंबर 2004 को तत्कालीन उपायुक्त आराधना पटनायक के संरक्षकत्व तथा पुलिस अधीक्षक अब्दुल गनी मीर की अध्यक्षता में शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट, लोहरदगा का गठन किया गया, जिसका पंजीकरण 22 सितंबर 2005 को किया गया। यह ट्रस्ट स्मारक मात्र नहीं है बल्कि इस का उद्देश्य राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन का सर्वांगीन विकास है। जिसके अंतर्गत निर्धनों की सहायता, शिक्षा का विकास, नारी सशक्तिकरण, चिकित्सा संबंधी राहत, आत्मनिर्भरता में सहयोग, शांति, भाईचारा और सृजनात्मक गतिविधियों में योगदान, विद्यार्थियों को छात्रवृति और पुरस्कार, पुस्तकालय की स्थापना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, बुढ़े-बुजूर्गों के लिए वृद्धा भवन, उद्यमियों के लिए वित्तीय कोष की स्थापना जैसे कार्यक्रम सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त जनकल्याण की अन्य गतिविधियां भी इस ट्रस्ट के परिधि के अंतर्गत हैं।

## फायरिंग की खबर सुन कर गये थे पेशरार

पेशरार गांव तीन जिलों की सीमा पर स्थित है। लोहरदगा, गुमला और पलामू। ये तीनों ही जिले नक्सलियों के बहुत अधिक प्रभाव में माने जाते हैं। यहां पर उस समय माओवादियों ने गांव वालों को डराने के लिए खुलेआम दिन दहाड़े पुलिस पर फायरिंग की थी। इसी बात को ध्यान में रखकर अजय ने गांव का दौरा करने का फैसला किया। वह अपने ऑफिस से जिप्सी पर सवार होकर निकले। उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड के अलावा बिहार मिलिट्री पुलिस के चार जवान थे। गांव के पास पहुंचकर उन्होंने एक ढाबे पर गाड़ी रुकवाई और उस जगह के बारे में जानकारी हासिल की, जहां फायरिंग हुई थी। गाड़ी कुछ आगे पहाड़ियों की तरफ बढ़ी ही थी कि जोरदार धमाका हुआ। अजय के साथ जिप्सी पर सवार एक पुलिसकर्मी बंधन उरांव ने उस वक्त मीडिया को बताया था कि धमाका सुनते ही हमने पोजीशन ले ली। हम फायरिंग शुरू कर पाते उससे पहले ही एक गोली साहब की खोपड़ी चीरते हुए निकल गयी। उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।

## लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लिया प्रभार



**लातेहार।** लातेहार जिले के नए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रभार लिया वहीं प्रेस वार्ता में रश्मि लकड़ा ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि जन वितरण प्रणाली के कोई भी दुकानदार अगर राशन की कटौती करते हैं तो उसे निलंबित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। क्योंकि आज पूरे झारखंड में सूचना मिल रही है कि जन वितरण प्रणाली के कार्डधारी को काम राशन दिया जा रहा है। यह हमारे द्वारा लातेहार जिला में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो भी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हैं। वह सभी अपने कार्ड धारी को कार्ड के हिसाब से राशन देने का काम करें। शिकायत मिलने के बाद जांच किया जायेगा और जांच में पुष्टि हो जायेगी तो उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा। बताते चले कि पिछले सप्ताह ही पूरे झारखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी का तबादला हुआ था। उसी में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को लातेहार प्रभार झारखंड सरकार के द्वारा दिया गया है।

## 7 अक्टूबर को बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह में 7 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संभावित संकल्प यात्रा को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम की सफलता के लिए जुट जाने की अपील की। हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि निकम्मी झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ बाबूलाल मरांडी आ रहे हैं। इस सरकार के कार्यकाल में किस तरह लूट मची हुई है। कार्यक्रम स्थल का मुआयना भी किया गया। बैठक में महामंत्री पंकज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, बंसी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रदीप, मनोज, सुनील आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## विश्वनाथ गंझू ने कृषि मंत्री बादल से की मुलाकात, किसानों की समस्या बतायी



बारियातू (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के यूवा प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से लातेहार सर्किट हाउस में बुधवार को मुलाकात कर किसानों की रखी समस्या। मंत्री पत्रलेख बुधवार को मेदनीनगर एक दिवसीय दौरा के दौरान लातेहार के सर्किट हाउस में रुके जहां युवा प्रखंड अध्यक्ष गंझु ने मंत्री पत्रलेख को पुष्प गुच्छा भेंट कर औपचारिक मुलाकात में बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड में रह रहे किसानों की समस्या रखा। कहा कि इन तीनों प्रखंड के किसानों को बीते चार सालो से वर्षा, हाथी व पौधों में लगे अज्ञात बीमारी के मार झेल रही है। अपनी कडी मेहनत कर किसान खेती करते हैं और जंगली हाथीयों द्वारा नष्ट कर दिया जा रहा है। वही इन दिनों हो रही लगतार वर्षा से पूरे क्षेत्र मे टमाटर के पौधा गल जा रहा है। दोहरी मार से किसानों को काफी नूकसा हो रहा है, किसान कर्ज, ऋण व महाजन से उधार लेकल खेती करता है सहित कई बातों से अवगत कराया। मंत्री ने जंगली हाथीयों पर कहा कि विभाग से बात कर समस्या दूर कि जायेगी।

## पलामू जिला पुलिस के तीन जवान सड़क दुर्घटना में घायल



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के बाद बेतला घूमने मोटरसाइकिल से जा रहे पलामू जिला पुलिस के तीन जवान बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ हड़पड़वा के समीप हुए घायल। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पलामू जिला पुलिस के जवान मोहन कुमार, कुमार तन्मय, अंकित कुमार, मोटरसाइकिल से बेतला यूनिफॉर्म पहने हुए जा रहे थे। इसी बीच सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। जिसके बाद तीनों घायल जवान को 108 एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ड्रेसर मो दानिश, हसीब अंसारी और राजेश चंद्र उर्फ बबलू की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। इस बाबत चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने बताया कि सारे पुलिसकर्मियों का प्राथमिक उपचार किया गया है सभी पलामू के जवान थे।

## ट्रक पेड़ से टकराया, चालक, उपचालक घायल

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडाल्को नर्सरी के पास रांची मेदिनीनगर एनएच पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। ट्रक का नंबर यूपी21बीएन1607 है। इस दुर्घटना में ट्रक का चालक मोहम्मद नेजारूल (25) वर्ष खलासी मोहम्मद जुनैद (20) वर्ष घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा से एंबुलेंस बुला कर घायलों को चंदवा सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर चिकित्सक डॉ मनोज कुमार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक जमशेदपुर से पाइप लेकर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश जा रही थी। हुटाप स्थित हिंडाल्को नर्सरी के पास ट्रक चालक ने अपना संतुलन खोते हुए रोड़ से बाई ओर उतरते हुए पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि चालक ट्रक में ही फंसा रहा गया, पुलिस ने हाइड्रा लाकर चालक को ट्रक से बाहर निकाला।

## सीसीएल संघमित्रा के बुकरू रेलवे साइडिंग में तैनात अनोज सिंह की मौत

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ सीसीएल संघमित्रा के बुकरू रेलवे साइडिंग में तैनात अनोज सिंह की बैरक ड्यूटी करके लौटकर खाना खाकर स्कूल में सोया हुआ था। दूसरे जवान रात्रि ड्यूटी कर लौटे तो देखा कि अंदर से जिस स्कूल में सभी होमगार्ड के जवानों को सोने से लेकर ठहरने की व्यवस्था स्कूल में किया कमरे का दरवाजा बंद है आवाज देकर उठाने के बाद भी जवान कुछ नही जवाब दिया तो खिड़की से झाककर देखा उसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अनोज सिंह मृत अवस्था मे पड़ा मिला। तत्काल इसकी सूचना बालूमाथ पुलिस तथा अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव को दी गयी। पिकेट प्रभारी ने होमगार्ड जवान को बालूमाथ सीएचसी में लाया गया जहां डॉक्टरों ने होमगार्ड जवान अनोज सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान लातेहार जिला के गारु प्रखंड के कोटाम गांव का रहने वाला था। मृत जवान बालूमाथ के मगध संघ मित्रा के सीसीएल के रेलवे कोयला साइडिंग बुकरू में तैनात था। जहाँ पर होमगार्ड जवानों को मगध संघ मित्रा सीसीएल की ओर से किसी भी प्रकार की सुविधा मुहैया नही दिये जाने की वजह से जवानों को पास के स्कूल में रखकर ड्यूटी करवाई जाती है। सीसीएल प्रबंधक सिर्फ बुकरू रेलवे साइडिंग में कोयले से मतलब रखती ताकि उसके कोयले की चोरी नही हो।

## पांच सूत्री मांग को लेकर ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर




महुआडांड (आजाद सिपाही)। अपनी 5 सूत्री मांग को लेकर बुधवार को महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इसकी जानकारी देते हुए चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार ने बताया कि हमारी 5सूत्री मांग है कि 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ मिले, सवेतन अवकाश को 180 दिन बढाएं, एसडीबीएस में जीडीएस और विभाग का योगदान बढ़ाना, 12/24/36 को प्रख्यापित करना तथा जीडीएस और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान देने की मांग शामिल है। इसे लेकर पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने महुआडांड मुख्य डाकघर के गेट के सामने धरना पर बैठकर नारेबाजी भी की। बुधवार को हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों में चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार, मो. सकीर अंसारी, संदीप कुमार गुप्ता, सुरजमणी देवी, मधुसूदन, सुरज कुमार, सुरेश्वर उरांव, राम कुमार, सुरज प्रताप, समीर बडाईक, ब्रजेश पाण्डेय, अमन कुमार, राकेश आदि ग्रामीण डाक सेवक कर्मी का नाम शामिल है।

## बालूमाथ में निकाली गयी भव्य शौर्य जागरण यात्रा



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शौर्य जागरण यात्रा का रथ निकली गयी, जिसे सैकड़ों दोपहिया व चारपहिया वाहनों व गाजे-बाजे के साथ ओल्हेपाठ ग्राम से अगुवाई की। जहां पहुंचे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के टमटमटोला मोहल्ले से पैदल नगर भ्रमण करते हुए महावीर मंदिर पहुंचीं। जहां पर उपस्थित सैकड़ो पुरुष और महिला श्रद्धालुओं ने रामसेतु के लिए उपयोग की गयी पत्थर की पूजा अर्चना की। धर्म सभा मे अयोध्या से आये कामेश्वर चौपाल ने कहा कि आज उन सनातनी भाइयों का वर्षों पहले का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज हमारा समाज में लोग जाति के आधार पर बंट रहे हैं,जो गलत है। आइये हम अपनी जाति का वर्णन न करके केवल हिंदू या सनातनी कहने का कार्य करें। 22 जनवरी 2024 को मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य होगा। जिसे लेकर हम सभी हिंदू समाज को जागृत करने और भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर अपना जीवन सफल बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के लातेहार जिला संयोजक श्याम अग्रवाल ने की जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया।

## हजारों लोगों ने शंख नदी के पास शौर्य यात्रा रथ का किया भव्य स्वागत



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 3 अक्टूबर दिन मंगलवार को अयोध्या से पहुंचे शौर्य यात्रा रथ का शंख नदी के पास जय श्रीराम समिति के द्वारा किया गया भव्य स्वागत। स्वागत में पहुंचे हजारों युवा का जोश पानी आने के बावजूद प्रभु राम के प्रति देखने को बन रही थी। जय श्रीराम, जय हनुमान, सरना माता की जय, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम समिति के प्रयास से सरना सनातन एकता की झलक देखने को मिली। जिसमें आदिवासी संस्कृति के अनुसार पूरे मंडली के महिलाओं और बच्चों ने मंदार और घंट पर जमकर झूमा, शौर्य यात्रा रथ आने पर अपनी आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा की। रथ का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जय श्री राम समिति के जिला, नगर और प्रखंड, पंचायत के हजारों महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

## एमडीएम में गड़बड़ी देख भड़के बीडीओ, लगायी फटकार

**प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबन को लेकर लिखा जायेगा पत्रः बीडीओ राकेश सहाय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यायल के राजकीय कृत मध्य विद्यालय का बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने औचक निरीक्षण किया। जहां एमडीएम की स्थिति देख भड़क उठे और कहा कि एमडीएम में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। मानक के अनुरूप ही विद्यालय में बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार दास पर निलंबन की कार्यवाही के लिए जिला को पत्र लिखा जायेगा व रसोइया को भी पद मुक्त किया जायेगा। बीडीओ श्री सहाय ने बताया कि अभिभावकों से लगातार मिल रही शिकायत के आलोक में प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। जहां मानक के अनुरूप मध्यान्ह भोजन में काफी अनियमितता देखने को मिली। वहीं विद्यालय की व्यवस्था काफी लचर देख संबंधित प्रधान शिक्षक अजय कु दास को जमकर फटकार लगाते हुए बीडीओ ने कहा कि पूर्व में भी इस विद्यायल की जांच किया गया था। जहां अनियमितता को देख कार्रवाई की गयी थी। इतने कार्यवाही के बाद भी कोई सुधार नहीं दिख रहा है। इस तरह से भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। सरकार का नाम ऐसे लोग ही खराब कर रहे है। वहीं विद्यालय में बच्चों को मिले खाने में मेन्यू के अनुरूप समाग्री नहीं था। बता दे कि बुधवार को मेन्यू में हरी सब्जी सोयाबीन बड़ी युक्त भेज पुलाव व दाल देना था। परंतु बच्चो को कम मात्रा में चना का छोला व चावल परोसा गया था। जिससे बच्चे भी आक्रोशित थे।

## हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला आयोजित

**किशोरी बालिका द्वारा पत्तेदार सब्जियों की फैंसी ड्रेस परिधान का शो आयोजित किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** संकल्प सप्ताह में निर्धारित कार्यक्रमानुसार बुधवार को दूसरे दिन समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से आकांक्षी प्रखंड किस्को के पाखर पंचायत के हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबकी आकांक्षाएं सबका विकासग्न कार्यक्रम के तहत पोषण मेला कार्यक्रम विशेष रूप से सुपोषित परिवार के लिए आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को काम करना है। यह कार्यक्रम किस्को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा प्रतियोगिता के विजेता माता को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मेला में पौष्टिक आहारों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। साथ ही गोद भरायी और अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। किशोरी बालिका द्वारा पत्तेदार सब्जियों की फैंसी ड्रेस परिधान का शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, कृषि विभाग से परियोजना निदेशक, आत्मा से दिनेश चंद्र, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीपीएम नाजिश अख्तर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, गैर सरकारी संस्था सी 3 के प्रतिनिधि, स्वाति कुमारी पिरामल फाऊंडेशन एवं पाखर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम हुटाप के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेन्हा और कुडू से एक-एक अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** खनिज और बालू के अवैध दोहन और परिवहन को नियंत्रित करने को लेकर बुधवार अहले सुबह पुलिस व खनन विभाग ने औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान कुडू थाना क्षेत्र में डीएमओ राजाराम प्रसाद और थानेदार विश्वजीत सिंह के द्वारा की गई निरीक्षण में अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को मौके से जप्त किया गया। कुडू थाना में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने ट्रैक्टर चालक आर्या मालिक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराया। सेन्हा थाना क्षेत्र में सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार और डीएमओ राजाराम प्रसाद द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान डाडु मादा डहर घाट से अवैध बालू निकालकर जा रहे ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया। इस संदर्भ में सेन्हा थाना में खनन अधिनियम को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उल्लेखनीय है कि नदी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए लागू एनजीटी के उल्लंघन को लेकर अब तक दर्जनों व्यावसायिक वाहन जब्त किये गये हैं। बड़ी संख्या में अवैध खनिज और बालू के खनन व परिवहन के मामले में दर्जनों प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय विभिन्न नदी घाट के आसपास बालू माफियाओं द्वारा अवैध डंप बालू जब्त कर उनकी विधिवत नीलामी की गयी है।

**कार्यक्रम :** अयोध्या से चल कर गुमला पहुंची शौर्य जागरण रथ यात्रा का विहिप और बजरंग दल ने किया भव्य स्वागत

# रथ को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाल कराया नगर भ्रमण

**शौर्य जागरण रथ यात्रा पुनः पांच अक्टूबर को दुधेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर लोहरदगा रोड, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड होते हुए डुमरडीह होते हुए पालकोट जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला।** अयोध्या से चलकर गुमला पहुंचे शौर्य जागरण रथयात्रा भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम रथ के स्वागत में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल गुमला के तत्वावधान में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की झांकी भी निकाली गयी। भगवान हनुमान की जन्मस्थली आंजनधाम गुमला टोटो में भगवा ध्वज लहराया गया। बजरंगी भाइयों ने जय श्रीराम, जय सियाराम, अंजनी माता की जय व बजरंग बली जय घोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा।

गुमला जिला घाघरा प्रखंड से निकलकर खरका, टोटो, दुधेश्वरी धाम, लोहरदगा रोड, थाना चौक, मेन रोड, टावर चौक, सिसई रोड, घाटो बगीचा होते हुए रथ पालकोट रोड, डीएसपी रोड होते हुए जशपुर रोड, रामनगर, करौंदी वापस होते हुए रामनगर, जशपुर रोड, पटेल चौक, लोहरदगा रोड, दुधेश्वरी धाम में समापन हुआ। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर धार्मिक गीत बज रहे थे। भगवा पताका वाहनों पर लहरा रहे थे। राम भक्तों को जगह-जगह पर स्वागत किया गया।

प्रांत मार्गदर्शक प्रमुख कृष्ण चैतन्य महराज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया, यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। अयोध्या में बनकर तैयार हुए मंदिर के प्रारूप को रथ में तैयार कर पूरे देश में भ्रमण कराया जा रहा है, ताकि रामभक्त मंदिर को चित्र के माध्यम से देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि साधु संत महात्मा समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करते हैं। संत भगवान राम के प्रतिनिधि हैं। पूरे देश में श्री रामकथा के माध्यम से साधु संत लोगों को जीवन की सही राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में लाखों साधु, संत, महात्मा मंदिर निर्माण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश के रामभक्त के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो हुआ है। उन्होंने भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर सही राह पर चलने की बात कही।

बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि देशभर में हिन्दुओं की धार्मिक यात्राओं पर जिहादी हमले किये जा रहे हैं। हिंदुओं में भय का माहौल बनाया बनाया जा रहा है। इसका प्रतिकार करने के लिए बजरंग दल देश भर में शीर्ष शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाल रहा है। यह यात्रा हिंदुओं में शौर्य का भाव जगायेगी।

मुकेश सिंह ने कहा कि शौर्य जागरण रथ यात्रा पुनः पांच अक्टूबर को दुधेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर लोहरदगा रोड, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड होते हुए डुमरडीह होते हुए पालकोट जायेगी।

गुमला नगर संयोजक बजरंग दल के अनूप लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के समय देश भर के मठ-मंदिरों में पूजन-पाठ, यज्ञ-हवन, आरती होगी। साथ ही सभी राम भक्तों से उनके घर पर पांच-पांच दीपक जलाने का आह्वान किया जाएगा।

मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष कामेश्वर चौपाल, प्रांत मार्गदर्शक प्रमुख कृष्ण चैतन्य महराज, उपाध्यक्ष पूनम सिंह, जिला मंत्री केशव चंद्र साय, सह मंत्री मनोज वर्मा, बजरंग दल विभाग व जिला संयोजक मुकेश सिंह, गुमला नगर संयोजक अनूप लाल, गोरक्षा प्रमुख श्याम मंत्री, सुरक्षा प्रमुख प्रकाश भगत, रवि नायक, विनोद साहू, भिखेश्वर नागमणि, आकाश विश्वकर्मा, किशोरी प्रसाद, नितेश पाठक, शिवम मिश्रा, अशोक गोप, अमित जयसवाल, सुजीत गुप्ता, आनंद बड़ाइक, संतोष यादव, बजरंग दास, अरविंद लोहरा, सफल उरांव, प्रभात केसरी, विनोद पासवान, राजेश प्रजापति, राकेश सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा का घाघरा में हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शौर्य जागरण रथ यात्रा का घाघरा में भव्य स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सड़कों के किनारे शौर्य जागरण रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। घाघरा के सीमावर्ती इलाका गम्हरिया के समीप सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल व कार से जुलूस की शक्ल में रथ को घाघरा लाया गया। सर्वप्रथम गम्हरिया दुर्गा मंदिर के समीप रथ में विराजमान भगवान श्री राम के प्रतिमा का महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसके उपरांत थाना चौक दुर्गा पूजा समिति व चांदनी चौक में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष ने शौर्य जागरण रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं जय श्री राम जय श्री राम के नारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। सभी श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र में नजर आए। महिलाएं भी गेरुआ वस्त्र व पगड़ी में नजर आयीं। भीड़ को नियंत्रण व विधि व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल, गुमला थानेदार विनोद कुमार, घाघरा थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे दर्जनों की संख्या में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किये गए थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सीएम रघुवर दास का गुमला में हुआ स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चुनाव प्रचार के लिए बुधवार को छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का गुमला पटेल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में जनता की भावनाओं पर खरा नहीं उतर सकी। ईडी के डर से भागे फिर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि चोर की मुंह में तिनका वाली कहावत को मुख्यमंत्री चरितार्थ कर रहे हैं। यदि ईमानदार हैं तो ईडी का सामना क्यों नहीं करते। बिहार की जातिगत जनगणना पर कहा कि यह राजनीतिक स्टंट हैं। राहुल गांधी बताएं वे किस श्रेणी में आते हैं। स्वागत करने वालों में भाजपा अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, हीरा साहू, श्याम सुंदर साहू, सविन्द्र कुमार सिंह, मंगल सिंह भोगता, मनीष हिंदुस्तान, निर्मल गोयल, दिनेश्वर साहू, राधेश्याम कुशवाहा, श्याम गुप्ता, बालकेश्वर सिंह, यशवंत सिंह, गायत्री साहु, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, अरविंद मिश्रा, सत्यनारायण पटेल, रविन्द्र सिन्हा, विकास सिंह आदि शामिल थे।

### स्वास्थ्य केंद्र सिलम में नाइट ब्लड सर्वे का शुभारंभ, फाइलेरिया की पहचान, रोकथाम है मुख्य उद्देश्य



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के तहत सीलम उपकेंद्र के सीलम 1 एवं सीलम 2 में नाईट ब्लड सर्वे का शुभारंभ मुखिया बीरेंद्र उरांव एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य खूसमन नायक के द्वारा किया गया। जिसमें टीम के सभी मेंबर उपस्थित रहे। नाइट ब्लड सर्वे का मुख्य उद्देश्य है कि फलेरिया बीमारी की रोकथाम हो, फलेरिया बीमारी से ग्रसित रोगियों का पता चल सके, इस हेतु रात्रि में रक्त पट का संग्रह कर जांच की जाती है। नाइट सर्वे स्वास्थ्य विभाग की ओर से कराई जाती है। ताकि जांच के उपरांत परिणाम के बाद स्वास्थ्य विभाग अपनी रणनीति के तहत आगे की योजना बना सके। इस कार्य में टीम मेंबर के रूप में मलेरिया पर्यवेक्षक अनुप नंद, एमपीडब्ल्यू अनिल सतपति संतोष कुल्लू, मदन कुमार, रविशंकर मिश्रा, विकास बड़ाइक, माइकल किंडो, दीपू उरांव, सहिया असरिता देवी व संगीता उपस्थित थे। नाइट ब्लड सर्वे पंचायत भवन सीलम एवं संपूर्ण ग्राम स्तर पर घर-घर भ्रमण कर लोगों को उठाकर रक्त पट संग्रह किया गया। इस अवसर पर मुखिया वीरेंद्र उरांव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से फैलेरिया की रोकथाम के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण आज सीलम में फलेरिया के रोगियों को चिन्हित कर दवा दी जा सके और ग्राम पंचायत को फैलेरिया मुक्त किया जा सके।

### घाघरा में बारिश से घर का दो कमरा गिरा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के बड़ा अजियातु गांव में तेज बारिश के कारण घर शिवमुनि देवी का ढाबा का दो कमरा गिर गया। हालांकि इसमें जान-माल की क्षति नहीं हुई। इस संबंध में पीड़िता नो बुधवार को प्रमुख को आवेदन देते हुए उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी है। आवेदन में बताया कि मंगलवार की बीती रात तेज बारिश के कारण एक कमरा गिर गया था। वहीं बुधवार को प्रातः हो रही बारिश में दूसरा कमरा भी गिर गया। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि अंचल प्रशासन से जल्द उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास होगा ताकि पीड़ित परिवार की क्षतिपूर्ति की जा सके।

### हिम्मत है तो केंद्र सरकार जातीय जनगणना करा कर उसी अनुपात से योजनाएं तय करे : रामनिवास



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रघुवर दास जी आप प्रधानमंत्री मोदी से कहें जातीय जनगणना कराएं, ताकि आपको मालूम हो जाए कि आपके नेता और आप किस श्रेणी में आते हैं। यह वक्तव्य है कांग्रेस के जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद का। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के छत्तीसगढ़ जाने के क्रम गुमला में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। कांग्रेसी नेता रामनिवास प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो मोदी जातीय जनगणना करायें। इससे क्यों दूर भाग रहे हैं। जातीय जनगणना होने से सभी समुदाय के लोगों को सामान भागीदारी मिलेगी। देश के नागरिकों को उनके अधिकारों से क्यों वंचित किया जा रहा है। इसका जवाब रघुवर दास प्रधानमंत्री से पूछें। उन्हें मालूम हो जाएगा कि कांग्रेस के नेतागण किस श्रेणी में आते हैं। जाति जनगणना होने से तो रघुवर दास को डर सता रहा होगा कि वे जनगणना में छत्तीसगढ़ लिखेंगें या झारखंड। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकारनहीं बनने से भाजपा का नेताओं के दिल में बौखलाहट सी हो गई है, और अब भाजपाई नेता रास्ते में गाड़ी रोककर बयान दे रहे हैं। इस तरह की बयानबाजी कर जनता को दिगभ्रमित किया जा रहा है। लेकिन जनता बेवकूफ नहीं है, हम सभी दिगभ्रमित नहीं हो सकते। सभी राज्यों में सभी मतदाताओं ने ठान लिया है अबकी बारकांग्रेस सरकार और भाजपा पार।

## मारवाड़ी युवा मंच की 'प्रेरणा' शाखा ने वृद्धाश्रम में की भोजन व वस्त्र की व्यवस्था




**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की 'प्रेरणा' शाखा ने बुधवार को श्राद्ध के अवसर पर सीलम स्थित वृद्धाश्रम में खीर, पूरी, सब्जी और सोनपापड़ी आदि के साथ दोपहर के भोजन की व्यवस्था की। साथ ही इस अवसर पर वृद्धों को वस्त्र प्रदान किया गया। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा है। अगर पड़ोसी भूखा रहे और हम स्वयं खा-पी कर नारायण की उपासना में लीन हो जाएं, तो ऐसी पूजा-अर्चना से कुछ हासिल नहीं होगा। आपको पुण्य प्राप्त करना है तो पहले भूखों को खाना खिलाना होगा। यही असली नारायण सेवा है। मौके पर संस्था सचिव कांता साबू, सदस्य अंचल अग्रवाल, शकुंतला मंत्री, ज्योति फोगला, रचना अग्रवाल एवं रानी कुमारी उपस्थित थीं।

## थाना रोड में 96 लाख की लागत से जिला परिषद बनायेगा मैरिज हॉल

**जिला परिषद की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने फीता काट कर किया निर्माण कार्य का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी क्षेत्र के थाना रोड में जिला परिषद के द्वारा 96 लाख की लागत से बनने वाले मैरिज हॉल का विधिवत शिलान्यास जिला परिषद की अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया।

मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा ने कहा कि लंबे समय से मैरिज हॉल निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसकी आज आधारशिला रखी गई है। निश्चित रूप से इसका लाभ गुमला के लोगों को मिलेगा। वहीं उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि जिला परिषद के द्वारा लगातार लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कदम उठाया गया है। जल्द ही यह मैरिज हॉल बनकर तैयार होगा और इसका लाभ लोगों को मिलेगा। वहीं उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि इस मैरिज हॉल के बन जाने से आसपास ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्र में वास करने वाले गरीब लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे जिला परिषद की ओर से शहरी क्षेत्र में दिया गया उपहार बताया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी के अलावा अन्य प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दर्ज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता की मां सुनीता देवी ने बसिया थाना में एक आवेदन बेटी को खोजने की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा है कि 21 जुलाई को स्कूल से घर आने के क्रम में सिरिबिडा निवासी प्रेम लोहरा पिता बीरबल लोहरा मेरी नबालिग लड़की का अपहरण कर गोकुल नगर गुमला में रखा था। जब हमें इसकी जानकारी हुई तो मेरी पुत्री को वापस घर लेकर आई। परंतु वर्तमान में प्रेम लोहरा दुबारा मेरी बेटी को भगाकर ले गया है। 2 अगस्त को बेटी ने फोन कर बताया कि स्वेच्छा से भागी है और हम दोनों काफी खुश हैं। हमें खोजने की कोशिश न करें। सुनीता देवी ने बताया कि हमलोग दो महीने से बेटी की खोजबीन कर रहे हैं।

## शिक्षिका को ठगों ने लगाया चार लाख 85 हजार का चूना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** महिला शिक्षिका को इंश्योरेंस की रकम दिलवाने के नाम पर ठगों द्वारा चार लाख 85 हजार 510 रुपए ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी शिक्षका जारी निवासी मेरी रोस खलखो ने गुमला थाना में अशोक कुमार नायक, विकास राव समेत एक अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उसका तीन इंश्योरेंस है। 22 अगस्त 2023 को उसके मोबाइल के व्हाट्सअप में एक मैसेज आया जिसमें इंश्योरेंस संबंधी बाते और 20 लाख 90 हजार रुपए भुगतान दिलाने का बात लिखा हुआ था। जिसमें उक्त रकम को दिलाने के नाम पर 32 हजार 210 रुपए का मांग ठगों के द्वारा की गई। जिसके बाद ठगों के द्वारा फोन के माध्यम से शिक्षिका को भरोसा में लेकर 32 हजार 210 रुपए अपने एकाउंट में जमा करा लिया गया। इधर ठगों ने शिक्षिका को भरोसे में लेकर विभिन्न तिथियों में कुल चार लाख 85 हजार 510 रुपए अपने एकाउंट में मंगा लिया। इधर जब शिक्षका को शक हुआ तो उसने पैसा देना बंद कर दिया।जिस पर ठगों द्वारा इस संबंध में किसी को कुछ बताने पर धमकी दी जा रही है।

## केओ कॉलेज में भ्रष्टाचार मामले को लेकर सांसद ने राज्यपाल को कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**छात्र नेताओं ने किया आभार प्रकट, कहा कॉलेज में हुए भ्रष्टचार मामले पर संज्ञान लेना बेहद सराहनीय है**



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में हुई वित्तीय अनियमितता के संबंध में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए लोकसभा सांसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत ने झारखण्ड के राज्यपाल को पत्र लिखते हुए कहा है कि जनजातीय बहुल जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में हो रही वित्तीय अनियमितता के मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। शिक्षा अपराध के मामले में दोषियों पर अपेक्षित कार्यवाही होनी चाहिए।

उन्होंने पत्र लिखते हुए महामहिम से आग्रह किया और कहा कि यह मामला विद्यार्थियों के भविष्य एवं स्थानीय जनता के विश्वास का है, जिस पर संज्ञान में लेते हुए हो रही गड़बड़ियों पर कठोर कारवाई हो।

छात्र नेता कुणाल शर्मा ने सांसद सुदर्शन भगत को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद के द्वारा केओ कॉलेज गुमला में हुए धांधली मामले पर संज्ञान लेते हुए राजयपाल महोदय को अवगत कराना छात्र हित में है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। किसी भी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के लिए कोई भी जगह नहीं होनी चाहिए। भ्रष्टाचार का मामला उजगार होने से कॉलेज की छवि धूमिल हुई है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो संलिप्त लोगों का मनोबल बढ़ेगा जो न तो कॉलेज हित में होगा और न ही छात्र हित में। जल्द ही माननीय राज्यपाल झारखण्ड महोदय से जिला छात्र संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमण्डल इस मामले में मुलाकात करेगा।

जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के सुशील तिर्की और भूषण उरांव ने बताया कि सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा कॉलेज में लाइब्रेरी निर्माण कार्य के लिए सांसद निधि से लाखों रुपए उपलब्ध कराए गए थे लेकिन कॉलेज प्रबंधन के द्वारा रखरखाव में कमी के कारण भवन क्षतिग्रस्त हो रहा है। लाइब्रेरी में न ही उपयोगी पुस्तकें हैं और न ही छात्रों के बैठने की व्यवस्था।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने किया नारी निकेतन, वृद्धाश्रम , बाल गृह, मूक बधिर विद्यालय और रागी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण

# बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों से मिल कर भविष्य में बेहतर करने की सलाह दी

**वृद्धाश्रम के वृद्धों ने उपायुक्त को अपने हाथों से निर्मित चटाई भेंट स्वरूप दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह, नारी निकेतन, वृद्धाश्रम, बाल गृह, मूक बधिर विद्यालय एवं रागी प्रोसेसिंग यूनिट का दौरा किया।

बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सर्व प्रथम बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों से मुलाकात की उनके शिक्षा के स्तर को जाना एवं उनसे बातचीत कर उन्हें उनके भविष्य में बेहतर करने की सलाह दी। उपायुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह अंतर्गत निर्मित कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, डाइनिंग एरिया, हेल्थ चेकअप कक्ष, वार्ड आदि का एक- एक कर निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उपायुक्त ने बच्चों के लिए बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप हेतु कैंप का आयोजन करते रहने की बात कही।

वृद्धाश्रम के निरीक्षण के क्रम में भी उपायुक्त ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं को देखा एवं वहां रहने वाले बुजुर्गों से मुलाकात की। वृद्धाश्रम के वृद्धों ने उपायुक्त के आगमन के मौके पर एक स्थानीय गीत गाया एवं मांदर बजा कर अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही उन्होंने अपने हाथों से निर्मित चटाई उपायुक्त को भेंट स्वरूप दिया। वृद्धाश्रम का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सर्वप्रथम रसोई घर में बनाए गए भोजन को देखा। किस प्रकार से बुजुर्गों की देखभाल की जाती है एवं उनके परिजनों की काउंसलिंग आदि से संबंधित भी जानकारी ली। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम भवन के शीपेज को ठीक करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया। वहीं वेस्टर्न टॉयलेट की आवश्यकता को देखते हुए उसके निर्माण भी कराए जाने की बात कही। मूक बधिर विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वहां के बच्चों से मुलाकात की। जहां नेत्रहीन बच्चों ने उपायुक्त के लिए बेहद सुंदर गीत की प्रस्तुति की। इस दौरान उपायुक्त ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्थाओं को देखा। जिसके पश्चात उपायुक्त ने नारी निकेतन, बाल गृह एवं रागी प्रोसेसिंग यूनिट का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सर्पदंश से युवक गंभीर, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना अंतर्गत गुटवा गांव निवासी 22 वर्षीय श्याम गोप पिता दुर्गा गोप फुटबॉल मैच देखकर अपने घर लौट रहा था, तभी घर के समीप रास्ता में इस क्षेत्र के सबसे जहरीले गड़ैत सांप ने उसके पैर में डंस लिया। इसके बाद सांप कटहल के पेड़ में चढ़ गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सांप को पकड़ कर नीचे उतारा। जिसके बाद सांप को सुरक्षित एक डब्बा में बंद कर दिया गया। वहीं तत्काल परिजनों ने गांव के ही एक भगत से झाड़-फूंक कराया। लेकिन युवक की हालत खराब होने पर उसे सदर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आए। जहां सदर अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है।

**जुबानी हमला : हुसैनाबाद की संकल्प यात्रा में पूर्व सीएम व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर हल्ला बोला**

# झारखंड में घूसखोरी और भ्रष्टाचार ले चुका है उद्योग का रूप: बाबूलाल

**राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में होगी**

धनंजय कुमार


हुसैनाबद में आयोजित सभा मंच पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**हुसैनाबाद।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में संकल्प यात्रा के तहत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। बाबूलाल के हुसैनाबाद पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह आदि ने महुदंड मोड़ के समीप भव्य स्वागत किया। भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें ढोल-नगाड़े के साथ उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में पहुंचाया। सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस राज्य में दलालों और भ्रष्ट अफसरों की सरकार है। जेएमएम, कांग्रेस, राजद प्रदेश में सिर्फ लूट करने के लिए सरकार बनाते हैं। इस प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गयी है। अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है। राज्य में भ्रष्टचार और घूसखोरी उद्योग का रूप ले चुका है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के कारण गरीब मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। आनेवाले दिनों में अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो इन सभी विषयों पर जांच करवायी जायेगी। दोषियों की जगह जेल के अंदर होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जनता के अनाज को बाजारों में बेच कर तिजोरी भरने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को अनाज दे रहे हैं। लेकिन प्रदेश की सरकार ने जनता के अनाज को बेच कर उस पैसे से अपनी तिजोरी भरी है। उन्होंने प्रदेश में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए यहां की जनता को संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश में 2024 में फिर से केंद्र में मोदी की सरकार बनेगी और प्रदेश में भाजपा की सरकार होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की, संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। सभा को मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, कार्यक्रम प्रभारी प्रभात भुइयां, विपिन कुमार सिंह, मनोज सिंह, पूर्व सांसद पलामू बृजमोहन राम, जवाहिर पासवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, प्रेमतोष सिंह, अविनाश वर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## विजय व कैलाश सिंह ने अपने आवास पर किया बाबूलाल मरांडी का स्वागत


बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते विजय सिंह, कैलाश सिंह व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का छतरपुर में भव्य स्वागत किया गया। रिमझिम बारिश में भी छतरपुर के फुलवारी मैदान में भारी संख्या में लोग उनकी बातों को सुनने के लिए एकत्रित हुए थे। जनसभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार जनता के अनुरूप भारत के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। जनसभा खत्म होने के बाद बाबूलाल मरांडी भाजपा नेता विजय सिंह के आवास पहुंचे। वहां उनका विजय सिंह एवं कैलाश सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद पूर्व सीएम को भोजन कराया गया। इस दौरान वहां भाजपा के कई लोग उपस्थित थे।

## डीसी आवास कितना सुरक्षित : अरुणा शंकर

**असमाजिक तत्वों ने डीसी आवास के पास सड़क किनारे लगे धौलपुर जाली को तोड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर दुख जाहिर करते हुए कहा कि कुछ लोग शहर की सुंदरता को तहस-नहस करने में लगे हैं। एक साजिश के तहत मंगलवार की रात शहीद चौक (कचहरी चौक) जो शहर का एक तरह से सेल्फी प्वाइंट बन गया है के सड़क किनारे लगे धौलपुर जाली को तोड़ दिया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य इस बात का है की उस चौक पर पलामू डीसी का संत्री रात-दिन ड्यूटी करता है। फिर भी ना ही वे लोग तोड़ने वाले को देख पाए और ना पकड़ पाए। देखे भी तो उसे तोड़ने से रोक नहीं पाए। ऐसे में डीसी आवास कितना सुरक्षित होगा यह सोचने की बात है। पलामू एसपी से अपील है कि स्टेट बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखते हुए ऐसे शरारती लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और इनके पीछे कौन ताकत दे रहा है पता कराया जाए, ताकि शहर की खूबसूरती को बचाई जा सके। गौरतलब हो कि दो दिन पहले ही शहर के मरीन ड्राइव और अन्य जगहों पर भी असमाजिक तत्वों ने इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया था।

## ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा : डॉ ईश्वर सागर

**छह अक्तूबर को बाबूलाल मरांडी की विश्रामपुर में जनसभा, भाजपा का दावा 25 हजार लोग होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी छह अक्टूबर को विश्रामपुर आयेंगे। जहां जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर दी। उन्होंने बताया कि बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है। उनके स्वागत के लिए पड़वा मोड़ से विश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बीमोड़ तक जगह-जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने दावा किया कि विश्रामपुर के जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। जनसभा की सफलता के लिए भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने की अपील की है।

## चौकड़ी में करंट लगने से बच्चे की हुआ मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी गांव में करंट लगने से आठ साल के एक बच्चे की मौत हो गयी। मृतक के पिता चंदन राम ने बताया कि बुधवार को करंट लगने के बाद बेहोशी की हालत में उसे आनन फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। पर अस्पताल जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## चीन में हिमाचल की जय, रितु नेगी की कप्तानी में कबड्डी टीम की बड़ी जीत

**होंगझोउ (एजेंसी)।** चीन के हांगझोऊ शहर में चल रहे एशियाई खेलों में बुधवार को हिमाचल की रितु नेगी के नेतृत्व वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में थाइलैंड को करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की है। भारत ने थाइलैंड को एकतरफा मुकाबले में 54-22 से अंतर से हराया।

# डेयरी प्लांट की स्थापना से मिला रोजगार का अवसर : रामेश्वर उरांव

## कहा-महुआ, पलास, लाह की खेती को पुनर्जीवित करने की है जरूरत

**डेयरी प्लांट से पशुपालकों-किसानों की बढ़ेगी आय, जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव**

जयकांत/रामप्रकाश


मुख्यमंत्री की मौजूजदी में योजनाओं का उद्घाटन करते मंत्री रामेश्वर उरांव।

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राज्य के योजना सह वित्त विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि मेधा डेयरी प्लांट के स्थापित होने से रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। दूध का व्यापार बढ़ेगा, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। मंत्री ने कहा कि पलामू में पलाश, लाह और महुआ अर्थव्यवस्था का आधार हुआ करता था। इस व्यवस्था को सरकार पुर्नजीवित करने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने मुख्यमंत्री से डेयरी प्लांट में तकनीकी पदों को छोड़कर अन्य पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार देने का अनुरोध किया।

### डेयरी प्लांट से गौ पालन का होगा विकास : डीसी

पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि डेयरी प्लांट की स्थापना से ग्रामीण विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। डेयरी प्लांट की स्थापना से गौ पालन का विकास होगा। इससे गोबर भी प्राप्त होंगे। इसके लिए गोबर गैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। गौ-पालन से रोजगार का अवसर मिलेगा और किसान नई दिशा और दशा तय कर पाएंगे। डीसी ने सरकार की ओर से पलामू में डेयरी प्लांट स्थापित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

वहीं, कार्यक्रम में झारखंड राज्य मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी प्लांट पूरे राज्य एवं विशेष कर पलामू एवं आसपास के जिलों के किसान बंधु और बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। जिले में अपनी डेयरी होने से इस व्यवसाय एवं व्यवसाय से जुड़े किसानों को पहचान मिलेगी। वहीं पलामू एवं आसपास के जिलों में गव्य विकास को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी दूध क्रय के अतिरिक्त नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मार्गदर्शन में गोबर खाद प्रबंधन योजना की शुरूआत की है। वहीं एक त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक द्वारा चुनी हुई गायों में अच्छे नस्ल का भ्रूण प्रत्यारोपण किया जाता है, जिसके फलस्वरुप नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिल रही है। राज्य के किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इस मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, मेधा डेयरी प्लांट के प्लांट एवं प्रोडक्ट हेड उमाशंकर सिंह, उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद आदि कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पशुपालक किसान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### इस सरकार की जिसे जो परीक्षा लेनी है ले ले हेमंत न झुकेंगें ना रुकेंगें : बादल

राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने मेधा डेरी प्लांट के उद्घाटन को पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक बताया। कहा कि सरकार ने दूध उत्पादन के लिए जो सपना देखा था, वह पूरा हो रहा है। राज्य में ढाई लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इसे बढ़ाकर पांच लाख लीटर किए जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कहा कि कृषि पर प्रकृति की मार पड़ रही है। ऐसे में सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डेयरी प्लांट की स्थापना की है। उन्होंने सरकार द्वारा पशुपालकों को प्राप्त होने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड की सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पूर्व में किसी सरकार ने इस तरह का कार्य नहीं किया, जिससे जीविकोपार्जन का साधन बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन सभी परीक्षा में मुख्यमंत्री खरे उतरेंगे। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि जिसको जो परीक्षा लेना है ले ले हेमंत ना झुकेंगें न रुकेंगें।

## आजादी के 75 साल बाद भी चेचरिया गांव जाने के लिए नहीं है पक्की सड़क



**गड्ढों और किचड़ों के बीच ढूंढना पड़ता है कच्चा रास्ता, बरसात में पैदल चलना भी हुआ दुभर - ग्रामीणों ने कहा रोड नहीं तो वोट नहीं, करेंगे मतदान का वहिष्कार**

कौशल किशोर

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** देश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है। विकास के नए-नए आयाम गढ़े जा रहे है। चांद पर भी तिरंगा फहराया जा चुका है। पर पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर और नावा बाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित चेचरिया गांव एक पक्की सड़क के लिए तरस रहा है। यह गांव आज भी मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। इस गांव में जाने का एक मात्र कच्चा सड़क है। जो बरसात के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो चुका है। पिछले पांच दिनों से वारिश हो रही है। जिसके बाद ग्रामीणों का पैदल चलना भी दुभर हो चुका है। ग्रामीणों ने इस संबंध में पलामू डीसी को हस्ताक्षरयुक्त एक आवेदन देकर चेचारिया गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग की है। बतातें चलें कि एनएच 75 किनारे स्थित ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया गांव जाने का एक कच्चा रास्ता है। अगर इस रास्ते का पक्कीकरण करा दिया जाए तो चेचरिया गांव मुख्य मार्ग से जुड़ जायेगा। पक्की सड़क बन जाने से विश्रामपुर, नावा बाजार और पांडू प्रखंड आपस में जुड़ जायेगा। जिससे दर्जनों गांव की दूरी भी प्रखंड या जिला मुख्यालय से कम हो जायेगी। एक हजार की आबादी सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जायेगी।

### रोड नहीं तो वोट नहीं : ग्रामीण

चेचरिया गांव के ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि अगर चुनाव से पहले सड़क नहीं बना तो मतदान का वहिष्कार किया जायेगा। ग्रामीण कीचड़ से सने सड़क पर खड़े होकर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने चंदा इकठ्ठा कर बरसात से पहले सड़क को चलने लायक बनवाया था। लेकिन बरसात के पानी में मिट्टी बह गया। जगह-जगह फिर से गड्ढा हो गया। बची हुई मिट्टी के कारण सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

चेचरिया गांव निवासी संजय बैठा ने कहा कि मेरा गांव विकास के पहले पैमाने पर ही कमजोर है। ग्रामीण रामाकांत तिवारी ने कहा कि पहले यह क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। जिसका मुख्य कारण सड़क का नहीं होना ही था। मनोज दूबे ने कहा कि आए दिन विधायक और सांसद क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। लेकिन इस गांव को मुख्य पथ से जोड़ने पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हो रहा है। इस मौके पर सुनीता देवी, संगीता देवी, कुसमी देवी, बिनी देवी, आशा देवी आदि ने भी विरोध जताया।

# स्पोर्ट्स



भारत ने एशियाड खलों में ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंश जारी है। चैंनिय नीरच चोपड़ा के साथ ही इस दिन भारत की झोली में तीन गोल्ड मेडल आए। सिल्वर समेत इस दिन भारत ने कुल 12 मेडल जीते हैं।

**एशियाड के 11वें दिन भारत को तीन गोल्डः मेंस 400 मीटर रिले टीम भी नंबर-1**

# जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड, किशोर ने जीता सिल्वर

एजेंसी



**हांगझोउ।** चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद भारतीय टीम मेंस 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में अव्वल रही। इस इवेंट की खास बात यह रही कि सिल्वर मेडल भी भारत की झोली में आया। भारत के किशोर कुमार दूसरे नंबर पर रहे। इससे पहले, आर्चरी मिक्स्ड टीम ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया। तीसरा गोल्ड 4गुणा400 रिले मेंस में भारत को मिला। जेवलिन थ्रो इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन नीरज चोपड़ा ने अपने सीजन बेस्ट थ्रो के साथ अपने खिताब का बचाव किया। उन्होंने 88.88 मीटर का डिस्टेंस कवर किया। इस इवेंट में सिल्वर भी भारतीय खिलाड़ी के नाम रहा। किशोर कुमार जेना 87.54 मीटर के स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर रहे। नीरज और किशोर ने चौथे प्रयास में बेस्ट स्कोर किया। किशोर ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। बुधवार को भारत ने तीन गोल्ड के अलावा पांच सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 12 मेडल जीते हैं। इन मेडल के साथ भारत के कुल मेडल 81 हो गए हैं। इनमें 18 गोल्ड, 31 सिल्वर और 32 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

### आर्चरी-मिक्स्ड कंपाउंड इवेंटः दिन का पहला गोल्ड

भारत ने आर्चरी मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में गोल्ड हासिल किया। गोल्ड मेडल मैच में ओजस प्रवीण और ज्योति सुरेखा की भारतीय जोड़ी ने कोरिया की जोड़ी को 159-158 के स्कोर से हराया। वहीं, चाइनीज ताइपे ने ब्रॉन्ज जीता। वहीं, जेवलिन थ्रो इवेंट के तुरंत बाद भारतीय टीम मेंस 4*400 मीटर रिले रेस में पहले स्थान पर रही। भारतीय धावकों ने 3 मिनट 01.58 सेकेंड का समय निकाला और नेशनल रिकॉर्ड बनाया। चार धावकों की इस मिली-जुली रेस में भारत की ओर से मोहम्मद अनस, अमोज जम्बो, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश ने दौड़ लगाई। कतर (3 मिनट 02.05 सेकेंड) दूसरे और श्रीलंकाई टीम (3 मिनट 02.55 सेकेंड) तीसरे स्थान पर रही।

### भारत का एशियाड में ऑलटाइम बेस्ट परफॉर्मेंस

इन मेडल के सहारे भारत ने एशियन गेम्स में अपने ऑलटाइम बेस्ट परफॉर्मेंस को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले, भारत ने पिछले एशियाड में 70 मेडल जीते थे। इनमें 16 गोल्ड, 23 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज शामिल रहे। भारत 1951 में पहली बार हुए एशियाड से ही गेम्स का हिस्सा रहा है। तब नई दिल्ली ने ही मेजबानी की थी। भारत ने सभी 18 एशियाड में हिस्सा लिया

## जिला स्तरीय तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न, विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय हेल्थ क्लब में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 45 प्लस, 35 प्लस, अंडर 19 सिंगल व डबल्स, अंडर 15 सिंगल व डबल्स और महिला वर्ग में 35 प्लस, अंडर 19 सिंगल व डबल्स, अंडर 15 सिंगल व डबल्स, मिक्स डबल ओपेन तथा ओपेन डबल के लिए अलग-अलग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 60 मैच हुए जिसमें 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संचालन झारखंड बैडमिंटन संघ के रेफरी वसीम अकरम ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न वर्गों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

**सनसनी :** वारदात को अंजाम देकर कुएं में छिपी, पुलिस ने लिया हिरासत में

# महिला ने की पति की हत्या

**पारिवारिक कलह में रात में कुल्हाड़ी से वार कर दिया घटना को अंजाम, अपराध स्वीकारा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा स्थित दामोदरपुर में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने अपने ही पति की हत्या कर दी। बुधवार की सुबह आदिवासी युवक का शव उसके आवास से ही खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। उसकी पहचान अजित हांसदा के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक दामोदरपुर निवासी अजित हांसदा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रह रहा था।





आरोपित महिला सरस्वती देवी। मृतक अजित हांसदा की फाइल फोटो।

मंगलवार की रात अपने घर में सभी के साथ सोया था। इसी बीच देर रात अजित व उसकी पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गयी कि पत्नी ने बगल में रखी टांगी से हमलाकर पति अजित की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गयी। उधर, सुबह में जब मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की तो पता चाला कि हत्या की आरोपी पत्नी पास के ही एक कुएं में छिपी हुई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में छिपी आरोपित पत्नी को बाहर निकाला और हिरासत में लेकर अपने साथ ले गयी।

### बच्चों ने खोला राज

मृतक के परिजनों की मानें तो पांच वर्ष पहले बेटे की शादी निरसा के दलदली की रहने वाली सरस्वती देवी से हुई थी। बेटा पेशे से राज मिस्त्री का काम करता था। परिजन बगल के ही आवास में रहते थे। अजित के दो बच्चे हैं। बुधवार की सुबह पता चला कि बेटे की हत्या हो गयी है। वहीं, मृतक अजित के चार साल के पुत्र आर्या ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद वे लोग सोने चले गए। तभी देखा कि मां और पिता जी में लड़ाई हो रही है। मां ने उन लोगों को जगा देखा तो डांट कर सुला दिया। इसके बाद घर के दरवाजे की कई बार खुलने और बंद होने की आवाज आ रही थीं। सुबह जब नींद खुली तो देखा कि घर में मां नहीं है। पिताजी एक चादर ओढ़े सो रहे हैं। पिता के गुस्सा होने के डर से उन्हें नहीं जगाया। बाद में जब देर तक पिता नहीं उठे और मां भी नहीं आयी तो दादाजी को बुलाया।

### त्रिकोणीय प्रेम की आशंका

लोगों को आशंका है कि घटना देर रात की है। जिस समय घटना घटित हुई वहां कोई तीसरा व्यक्ति भी मौजूद था। जिसके साथ मिलकर आरोपित सरस्वती ने अजित की हत्या की है। यह अकेले का काम नहीं हो सकता है। बताया जा रहा है कि मृतक का मुंह बंधा हुआ था। सिर पर गहरे जख्म के निशान भी मिले हैं। वहीं सरस्वती को जब पुलिस ने कुंए से बाहर निकाला तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि पति उसके साथ नहीं रहना चाहता था। वह जो भी कमाता था मुझे नहीं देता था। कहता था कि खुद कमाओ, खुद खाओ। इसी बात को लेकर रात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ और घर में रखी टांगी से उसने अजित पर वार कर दिया।

## लंबित कांडों की त्वरित पड़ताल कर निष्पादन करें: बोकारो एसपी



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बोकारो के पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बुधवार को बेरमो के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में सभी पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान अनुमंडल के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी और कांड के अनुसंधानकर्ताओं के साथ चार वर्षों से अधिक लंबित कांडों की समीक्षा की। उन्होंने कांडो के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया कि लंबित मामलों को त्वरित पड़ताल कर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करें। सभी को बताया कि आने वाले समय में पूजा का महीना शुरू होने वाला है। सभी पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने इलाके में गस्ती बढ़ा दें। पुलिस-पदाधिकारी जनता के बीच जाए। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

## माइंस रेस्क्यू कर्मी के घर से लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू स्टेशन परिसर में चोरों ने सीनियर ओवरसीयर किशनदेव यादव के आवास से मंगलवार की रात कथित रूप से करीब पांच लाख के जेवरात सहित 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। गृहस्वामी किशन देव यादव ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। वहीं, पुलिस भी जांच में जुट गई है।



इस बाबत किशन देव ने बताया कि मंगलवार को वह अपने परिवार समेत भतीजी के घर पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर गए थे। देर रात एक बजे जब वापस अपने घर पहुंचे तो पीछे का दरवाजा खुला पाया। वे लोग भी जब पीछे के दरवाजे से घर में प्रवेश किये तो कमरे में रखी तीन अलमीरा टूटा पाया। उसमें रखे करीब पांच लाख रुपये के आभूषण और 15 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे। जबकि घर में रखे कैमरा, लैपटॉप, कपड़े आदि सुरक्षित पड़े थे। चोर सिर्फ गहने एवं नगदी ही साथ ले गये। उधर, पुलिस ने संदेह के आधार पर घर में काम करने वाली नौकरानी को थाने बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से कॉलोनी में रहने वाले अन्य परिवार दहशत में है। लोगों का कहना है कि इन दिनों माइंस रेस्क्यू मैदान में आसामाजिक तत्वों एवं शराबियों का जमघट लगा रहता है। शाम होते ही कॉलोनी के लोग अपने घरों में चले जाते हैं। लोगों ने पुलिस से ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने की अपील की है।

## गोमिया विधायक ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**कथारा (आजाद सिपाही)।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बुधवार को बांध पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। बांध बस्ती मुख्य मार्ग से बोकारो नदी तक पीसीसी पथ, गार्डवाल निर्माण एवं बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के



पीछे खेल मैदान कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसे डीएमटी मद से पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि बांध बस्ती से बोकारो नदी जाने-आने में कच्ची रास्ता रहने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पीसीसी पथ बन जाने के बाद से ग्रामीणों को दिक्कतों से निजात मिल जाएगी। वहीं बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पीछे खेल मैदान बन जाने से ग्रामीण युवकों, युवतियों को अन्यत्र मैदान में नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर मुखिया मुरली देवी, संतोष कुमार आस, पंसस चंद्रदेव यादव, कांति सिंह, बबलू यादव, झुपरी देवी आदि मौजूद थे।

**दहशत :** लगातार बारिश से लोयाबाद के अग्निप्रभावित क्षेत्र के लोगों की बढ़ी मुश्किलें

# गैस रिसाव, कहीं आग, तो कहीं पड़ रही दरारें

**अधिकारियों पर ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लगातार हो रही बारिश ने लोयाबाद के विभिन्न जगहों का हाल खराब कर दिया है। कहीं गोफ बन गया, कहीं गैस रिसाव, तो कहीं दरारें पड़ गयी है। लोयाबाद सात नंबर में घनी आबादी के बीच गोफ बन गया है। यहां कभी इंक्लाइन हुआ करता था। आसपास के लोगों ने कहा कि गोफ मंगलवार को बना है और उससे लगातार गैस का रिसाव हो रहा है। इससे आसपास रहने वाले लोग डरे हुए है। दूसरी घटना बांसजोड़ा 12 नंबर में देखने को मिली। यहां, बीसीसीएल के माइनिंग सरदार सीता राम प्रजापति के आंगन में तीन दिनों से धुंआ और गैस निकल रहा है। परिवार के लोग दहशत में है। रात जाग कर कट रही है। सीताराम के आंगन व आसपास के घरों के हरेभरे पेड़ गैस व धुंवे से सुख गया है। इधर, बांसजोड़ा 12 नंबर और 6 नंबर के बीच पुरानी आग से धुंवे और जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। यहां रहने वाली तीन हजार की आबादी परेशान है।

### बांसजोड़ा की पक्की सड़क पर हो रहा गैस रिसाव

यहां अब सड़क से गैस का रिसाव शुरू हो गया हैं। कभी भी सड़क धंस सकती है। अगर सड़क धंसी तो बांसजोड़ा, निचितपुर, गड़ेरिया, ईस्ट बसरिया, निचितपुर टॉउनशीप और भूली जाने वाले लोगों का संपर्क टूट जाएगा। लोगों को एक नई मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। वहीं,





बांसजोड़ा में बना गोफ। लगातार बारिश से हालात बिगड़ने के बाद जगह-जगह हो रहा गैस रिसाव।

### क्या बोले ग्रामीण

**गड़ेरिया निवासी पवन महतो** ने कहा कि आग फैल रहा है। अब सड़क को चपेट ले लिया है। रास्ता बंद हुआ तो सबको परेशानी होगी। प्रबंधन जान बूझकर लापरवाही कर रहा है।


**बांसजोड़ा बाजार निवासी राजेश गुप्ता** ने कहा कि प्रबंधन की दोहरी नीति है। मुंह मे कुछ और भीतर कुछ काम कर रहा है। जनता को जागना होगा। अब जनता सामने आकर लड़े तभी कुछ होगा।

**बांसजोड़ा के सजंय साव** ने कहा कि ये ठीक नहीं हो रहा है। आग व गैस के बावजूद सारे अधिकारी का गुजर इसी रास्ते होता है। फिर भी आंख बंद किये हुए है।

**बांसजोड़ा 12 नंबर के रहने वाले डॉक्टर रफीक** ने कहा कि यहां के हालात प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। सब कुछ जान बूझकर किया गया है। एक तरफ बांसजोड़ा रेल लाइन पार की आग, तो दूसरी तरफ 6 नंबर 12 नंबर की आग भी नुकसान पहुंचा रही है। अब लोगों को यहां से हटना पड़ेगा। साजिश के तहत यह हालात पैदा किया गया। प्रबंधन सभी को बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था करे।

वहीं, **भाजपा नेत्री गीता सिंह** ने कहा कि बांसजोड़ा प्रबंधन गोदुंडीह की घटना जैसी पुर्नावृति के इंतजार में है। इस रास्ते का सैकड़ों लोग इस्तेमाल करते हैं। जनप्रतिनिधि भी चुप है। घटना के बाद सब फोटो खिंचवाने आ जाते है।













### सात नंबर गोफ की करायी जायेगी भराठी : परियोजना पदाधिकारी

बांसजोड़ा के परियोजना पदाधिकारी एके झा ने इस बाबत बताया कि सात नंबर गोफ की भराठी कराई जायेगी, सीताराम के लिए दूसरे जगहों पर आवास की व्यवस्था की जा रही है। रहा अग्नि प्रभावित क्षेत्र के गैस व आग की तो, नोटशीट बनकर मुख्यालय गया। पास होते ही इस जगह की ट्रेंच कटिंग कराकर मिट्टी से फिलिंग कराई जाएगी।

सीताराम प्रजापति ने बताया कि तीन दिन से गैस निकल रहा है। रात जाग कर काट रहे है। परिवार के लोग दहशत में है। हम बी टाइप क्वाटर के इंनटाईटल है। क्वाटर व्यवस्था करा दिया जाए हम चले जायेंगे। सीताराम के एक तरफ गोपाल साव तो दूसरी तरफ अनिल महतो पड़ोसी है। जो दहशत में है। वहीं, जमसं के क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि हमलोग सीताराम के घर का जायजा लिये है। यहां रहने वाली सभी लोगों को अविलंब दूसरी जगह बसाया जाएं। प्रबंधन से बात हुई है। सीताराम को अविलंब शिफ्ट करने की मांग की गई है।

## लगातार बारिश से दो मंजीला जर्जर मकान का हिस्सा ढहा, वाहन क्षतिग्रस्त

**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया चार नंबर टैक्सी स्टैंड में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक लगातार बारिश की वजह से भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल के दो मंजिले जर्जर बिल्डिंग का अगला हिस्सा गिर गया। जिसकी चपेट में आकर उनका उनका वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उधर, अचानक इस घटना से पूरे झरिया बाजार में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मकान बहुत ही जर्जर हो चुका था। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा तड़के सुबह तीन से चार बजे की बीच हुआ। झरिया में इस तरह के और भी कई जर्जर मकान हैं जिनपर समय रहते ध्यान नही दिया गया तो भविष्य में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**

समाहरणालय भवन, कोडरमा email:- ahdkoderma@gmail.com

**–: Pet Shops एवं Dog Breeding Center पंजीकरण हेतु आवश्यक सूचना:-**

जिला– कोडरमा अन्तर्गत वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहें है या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे हैं वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड झारखण्ड हेसांग, राँची से कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा नियमानुसार उन पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.308252 Animal Husbandry(23-24):D



**कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा।**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (वर्ष 2023–24) योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहन, तिलहन एवं न्यूट्री सिरियल फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2023–24 में कोडरमा जिलान्तर्गत इच्छुक किसानों को अनुदानित दर पर विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे वर्णित निम्न कृषि यंत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन)

| क्र० सं० | उपादान/कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि (रू० प्रति यूनिट) | उपलब्धता (यूनिट) में |
|---|---|---|---|
| 1 | मेनुअल स्प्रेयर | 600 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 175 |
| 2 | मेनुअल स्प्रेयर | 750 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST /small and marginal, Women farmers के लिए) | 115 |
| 3 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर) | 2500 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 45 |
| 4 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर) | 3100 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए) | 35 |
| 5 | रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet | 34000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 05 |
| 6 | रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet | 42000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 03 |
| 7 | मल्टी कॉप थ्रेसर (Tractor driven above 35BHP up to 4 tone/ hr capacity) | 80000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 8 | मल्टी कॉप थ्रेसर (Tractor driven above 35BHP up to 4 tone/ hr capacity) | 100000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 01 |
| 9 | पंपसेट | 10000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 35 |
| 10 | स्प्रींकलर सेट | 19542 से 21901 रू० प्रति हे० (PMKSY मार्गदर्शिका के अनुसार ) | 02 |
| 11 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू० प्रति मीटर HDPE/35 रू० प्रति मीटर PVC/ 20 रू० प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू० तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 410 मी० |
| 12 | मोबाइल रेनगन | 28681 से 34513 रू० प्रति हे० (PMKSY मार्गदर्शिका के अनुसार ) | 01 |
| 13 | थ्रेसिंग फ्लोर (30'X30' साईज) | 57500 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 09 |
| 14 | रिज फॉरो प्लांटर (20BHP Tractor driven) | 24000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 15 | सीड स्टोरेज बीन | 1000/क्विं० या 50% जो दोनो में से कम होगा। | 15 |
| 16 | चिजेल प्लाऊ (20BHP Tractor driven) | 40 प्रतिशत और 8000 रू० अन्य के लिए | 01 |
| 17 | मिनी दाल मिल | 95000 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 02 |
| राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन) | | | |
| 1 | मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आपॅरेटेड स्प्रेयर | 750 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 25 |
| 2 | मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आपॅरेटेड स्प्रेयर | 600 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 30 |
| 3 | पावर आपॅरेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr) | 3800 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 15 |
| 4 | पावर आपॅरेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr) | 3000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 20 |
| 5 | मेनुअल ऑपरेटेड कल्टीवेटर | 10000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 06 |
| 6 | कल्टीवेटर | 8000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 07 |
| 7 | बीजोपचार ड्रम | 10000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 06 |
| 8 | बीजोपचार ड्रम | 8000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 08 |
| 9 | ट्रैक्टर चालित यंत्र रोटावेटर(above 35 BHP-5 feet) | 42000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/Women/ small and marginal farmers के लिए) | 06 |
| 10 | रोटावेटर(above 35 BHP-5 feet) | 34000 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 08 |
| 11 | पंपसेट | 10000 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 40 |
| 12 | स्प्रींकलर सेट | 19542 से 21901 रू० प्रति हे० (PMKSY मार्गदर्शिका के अनुसार ) | 03 |
| 13 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू० प्रति मीटर HDPE/35 रू० प्रति मीटर PVC/ 20 रू० प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू० तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 620 मी० |
| राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्री सिरियल) | | | |
| 1 | मेनुअल स्प्रेयर | 500 रू० प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 2 | मेनुअल स्प्रेयर | 600 रू० प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए) | 02 |
| 3 | स्प्रींकलर सेट | 19542 से 21901 रू० प्रति हे० (PMKSY मार्गदर्शिका के अनुसार ) | 01 |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- आवेदक का आधार कार्ड का छायाप्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद की छायाप्रति।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- अंचल अधिकारी से सत्यापित जमीन के विवरणी की छायाप्रति।
- पासबुक का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति।

नोटः–

1. लाभुकों का चयन **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जायेगा।
2. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 20.10.2023 तक प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी /प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक एवं आत्मा कार्यालय कोडरमा में जमा किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र आत्मा कार्यालय से कार्यालय अवधि में अथवा अपने प्रखण्ड के BTM/ATM से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
4. किसी भी यंत्र का क्रय लाभुकों द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
5. पूर्व के पॉच वर्षो में किसी भी यांत्रिकरण योजना के द्वारा लाभ न लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यांत्रिकीकरण योजना का लाभ मिलेगा। यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया से सत्यापन करा के प्रतिवेदन जमा करना अनिवार्य है।
7. जमीन की रसीद में आवेदक के हिस्से में कितना जमीन आता है, स्पष्ट रूप से वंशावली के साथ अंचल से सत्यापित जमीन की रसीद आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा
कोडरमा।

PR 308265 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

## न्यूज रील्स

### सिक्किम में बादल फटा, 23 जवान समेत 43 लोग लापता

**गंगटोक।** सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से पांच लोगों की मौत हो गयी। वहीं, 43 लोग लापता हो गये। इनमें सेना के 23 जवान हैं। मामले में पाक्योंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने सभी जवानों के मौत की आशंका जतायी है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### एयरफोर्स को मिला पहला एलसीए तेजस

**बेंगलुरू।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को इंडियन एयर फोर्स को पहला ट्विन सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस सौंप दिया। यह ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया जायेगा। यह वजन में हल्का और हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है। भारतीय वायु सेना ने 18 ट्विन सीटर विमान का ऑर्डर दिया है।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जापानी भाषा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया

**जापानी भाषा सर्टिफिकेट कोर्स के लिए प्रारंभिक प्रवेश क्षमता 60 छात्रों के लिए निर्धारित की गयी है।**









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए एक महत्वपूर्ण विकास करने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को जापानी भाषा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया है। माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पाठ्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। जापानी फाउंडेशन, नयी दिल्ली के निदेशक सातो कोजी, भारत में जापान के राजदूत की प्रतिनिधि हकामाता माहो, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग के प्रोफेसर नबीन पंडा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के संकाय, वरिष्ठ अधिकारी और उत्साही छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रोफेसर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में जापान के कृषि, पशुपालन और डेयरी विज्ञान और वन प्रबंधन में तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया और जापान को इस क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से स्नातक छात्र न केवल जापानी भाषा सीखेंगे, बल्कि विश्वविद्यालय के माध्यम से इस उन्नत तकनीक को भारत में भी लायेंगे। प्रोफेसर त्रिपाठी का दृढ़ विश्वास था कि विश्वविद्यालय की यह पहल कृषि, पशुपालन और डेयरी विज्ञान और वन प्रबंधन में अभ्यास को काफी बढ़ायेगी और क्षेत्र और राष्ट्र के विकास में मदद करेगी। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करके देश के अग्रदूतों में से एक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारे छात्र शिक्षा, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और नोबेल पुरस्कार विजेता बनेंगे। यह पूरे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, भारत सरकार की पूर्व नीति के सहयोग से, जापानी भाषा पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय है। इस अवसर पर नयी दिल्ली में जापानी फाउंडेशन के निदेशक सातो कोजी ने वर्तमान परिदृश य में जापानी भाषा सीखने वाले छात्रों के लिए उज्जवल संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में जापानी भाषा की शिक्षा शुरू करने के लिए प्रोफेसर त्रिपाठी की नेक पहल की सराहना की, जो क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा और भारत और जापान के बीच अधिक आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का वादा करेगा। हकामाता माहो ने भोजन, परंपरा और धर्म के संदर्भ में जापान और ओडिशा के बीच सांस्कृतिक समानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जापानी भाषा सीखकर दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जापान और भारत के बीच अच्छे संबंधों पर जापान और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक को याद करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह विश्वविद्यालय भारत में जापानी शिक्षा का केन्द्र बनेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर नबीन कुमार पांडा ने जापानी भाषा में कुशल छात्रों के लिए भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र, विशेष रूप से जापान में उपलब्ध कई अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जापानी भाषा की प्रवीणता परीक्षा पास करने और जापान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की संभावना पर जोर दिया। जापानी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स के नाम पर रखा गया वर्तमान पाठ्यक्रम, अगले दो वर्षों के लिए नियोजित डिप्लोमा और उन्नत डिप्लोमा को शामिल करने के लिए श्रृंखला का पहला पाठ्यक्रम है। जापानी भाषा सर्टिफिकेट कोर्स के लिए प्रारंभिक प्रवेश क्षमता 60 छात्रों के लिए निर्धारित की गयी है, जिसमें 9 अक्टूबर, 2023 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। पाठ्यक्रम को दो वर्गों में विभाजित किया जायेगा, प्रत्येक में 30 छात्र होंगे। अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक समन्वित किया और प्रभारी रजिस्ट्रार प्रोफेसर एन सी पंडा ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में यह नया शिक्षा कार्यक्रम एक आशाजनक सफलता होगी।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in

## मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जन शिकायतों का समाधान

# आवासीय कॉलोनियों में 39.25 करोड़ रुपये से बनेंगी 429 सड़कें

- **मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को 3 माह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज भुवनेश्वर, बालियंता और जटनी ब्लॉक की आवासीय कॉलोनियों के लिए 39 करोड़ 25 लाख रुपये की 429 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। गत 23 अगस्त को मुख्यमंत्री के 5टी सचिव वी.के. पांडियन की खुर्दा जिले की यात्रा के दौरान, संबंधित क्षेत्रों के निवासियों ने उनसे मुलाकात की और आवासीय कॉलोनियों की सड़कों और बिजली व्यवस्था पर उनका ध्यान आकर्षित किया और इन मुद्दों को हल करने के लिए अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। 5टी सचिव ने मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक प्रोफेशनल टीम बनाकर उन सभी इलाकों में जांच के लिए भेजा गया। तकनीकी टीम ने उन क्षेत्रों में 82 किमी से अधिक क्षेत्र को कवर करने वाली 429 सड़कों की पहचान की है और सुधार और विद्युतीकरण के लिए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट मिलने के बाद 5टी सचिव ने उन क्षेत्रों के सुधार के लिए 27 सितंबर को संबंधित आवासीय कॉलोनियों के निवासियों के साथ चर्चा की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने इन 429 सड़क परियोजनाओं के निर्माण को मंजूरी दे दी है। स्मार्ट सिटी भुवनेश्वर हाल के वर्षों में तेजी से विकसित हो रहा है और जटनी और बालियंता क्षेत्रों तक फैल गया है। इन क्षेत्रों में कई आवासीय कॉलोनियां बनी हैं। आवासीय कॉलोनियों में आंतरिक सड़कों और विद्युतीकरण की समस्या लंबे समय से चली आ रही मांग थी। गौरतलब है कि 429 सड़क परियोजनाओं में से भुवनेश्वर ब्लॉक में 140 परियोजनाएं, जटनी ब्लॉक में 246 परियोजनाएं और बालियंता ब्लॉक में 43 परियोजनाएं हैं।

इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण, उन्नतिकरण और विद्युतीकरण किया जायेगा। इन परियोजनाओं से 3 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को 3 माह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है।

# डेटॉल और एनडीटीवी 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' ने अपने 10वें सीजन का शुभारंभ किया


**भारत में 24 मिलियन से अधिक बच्चों तक अपनी पहुंच बनायी-जिसका एकमात्र उद्देश्य स्वच्छता को प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बनाना है**

**आयुष्मान खुराना को अभियान का एंबेसडर बनाया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** भारत का सबसे भरोसेमंद न्यू ज नेटवर्क, एनडीटीवी, 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' के विजयी 10वें सीजन के साथ शानदार वापसी कर रहा है, यह भारत का सबसे लंबे अर्से तक चलने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान है। यह महत्व पूर्ण अभियान समस्तत भारत में एक दशक से स्वास्थ्य, लोक कल्याण और एकता को बढ़ावा देने के लिए अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बना हुआ है। एनडीटीवी ने डेटॉल के साथ मिलकर नौ साल पहले 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' की शुरूआत की थी। बीते 9 वर्षों में, इस अभियान ने कई पुरस्काशर और सम्मासन हासिल किए और अपने कार्यक्रमों, नवाचारों, गतिविधियों और टूल्स की एक श्रृंखला के जरिये इसने भारत में 24 मिलियन से अधिक बच्चों तक तक अपनी पहुंच बनाई-जिसका एकमात्र उद्देश्य स्वच्छता को प्रत्येक व्यतक्ति की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बनाना है। अपने 10वें वर्ष में, अभियान का फोकस दस का दम की शक्ति के साथ वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वन वर्ल्डह हाइजीन पर है, और यह बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान की ताकत, सीख, अनुभव और उपलब्धियों को दशार्ता है। वन वर्ल्ड हाइजीन का मुख्यं उद्देश्य उन लोगों के प्रति सहानुभूति और एकजुटता को दोहराना है, जिनकी पहुंच स्वच्छता के जरुरी संसाधनों तक नहीं है। यह साधन-संपन्न और वंचितों के बीच के अंतर को कम करने का आह्वान करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई स्वस्थ जीवन जी सके। 10वें सीजन में दस कदम का भी इंतजार रहेगा यानि कि नयी चुनौतियां, जिनका समाधान ही अभियान का लक्ष्य है। डेटॉल और एनडीटीवी की 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' पहल दिनों-दिन मजबूत होती जा रही है और आज लाखों लोग इसकी ओर उम्मीद से देख रहे हैं। यह अभियान एक ऐसा मंच है जिसने इस मुद्दे के समर्थन में सबसे दमदार और असरदार शख्शियतों को आकर्षित किया है, जिनमें उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से लेकर ऑस्कर विजेता, मैग्सेसे पुरस्कार विजेता और नोबेल पुरस्कार विजेता, सभी दयालु व्यक्ति शामिल हैं और देश के कुछ सबसे बड़े मुद्दों में शामिल स्वास्थ्य मुद्दे पर कार्रवाई करते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जन जागरूकता पर इस पहल के प्रभाव को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। हर साल 2 अक्टूबर को होने वाला लाइव इवेंट इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे बेहतर हाइजीन और पोषण भारत के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर फोकस के साथ, 10वें सीजन में द्रौपदी मुर्मू, भारत की महामहिम राष्ट्रपति सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे, जिनमें एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र नितिन गडकरी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत, ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, अशोक गहलोत, और लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, एलजीबीटी क्यूआईए कार्यकर्ता के नाम प्रमुख थे। इन प्रसिद्ध गणमान्य व्यक्तियों के अलावा, रकुल प्रीत और भूमि पेडनेकर जैसी बॉलीवुड हस्तियों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में दलेर मेहंदी, नेहा कक्कड़, अदनान सामी और लोकप्रिय नागालैंड रैपर मोको कोजा जैसे करिश्माई कलाकारों ने भी परफार्मेंश दिया।



















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**